दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844    डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

2009 से स्थापित

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-114 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 19 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00


**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जिस व्यक्ति के पास ज्ञान, विनम्रता और धैर्य का संतुलन होता है, वही जीवन की हर परिस्थिति में सम्मान और सफलता दोनों प्राप्त करता है।'


गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937


## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

## श्रावस्ती की धरती पर अहिंसा का संदेश – अंगुलिमाल के हृदय परिवर्तन की ऐतिहासिक गाथा

भारत की पवित्र और ऐतिहासिक धरती केवल राजाओं और युद्धों की कहानियों से ही नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और आध्यात्मिक परिवर्तन की अद्भुत घटनाओं से भी समृद्ध रही है। उत्तर प्रदेश का श्रावस्ती ऐसा ही एक ऐतिहासिक स्थल है, जहाँ हर पत्थर, हर स्तूप और हर अवशेष मानव इतिहास की एक गहरी आध्यात्मिक कथा सुनाता है। इन दिनों श्रावस्ती के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते हुए बौद्ध संस्कृति और तथागत गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को निकट से देखने और समझने का अवसर मिला। यह यात्रा केवल एक पर्यटन अनुभव नहीं, बल्कि इतिहास और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का एक गंभीर प्रयास भी रही। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

श्रावस्ती बौद्ध धम्म के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कहा जाता है कि महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन के लगभग पच्चीस वर्ष वर्षावास के रूप में यहीं व्यतीत किए थे। श्रावस्ती के जेतवन विहार में उन्होंने अनेक उपदेश दिए और अपने अनुयायियों को धम्म,करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। आज भी जेतवन के अवशेष, स्तूप और प्राचीन संरचनाएँ उस गौरवशाली इतिहास के जीवंत प्रमाण हैं। इसी ऐतिहासिक स्थल के भ्रमण के दौरान एक विशेष स्तूप देखने को मिला, जिसे स्थानीय लोग 'अंगुलिमाल की गुफा' से जुड़ा स्थल बताते हैं। यह वही स्थान माना जाता है जहाँ इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक घटना घटित हुई थी। यह घटना केवल एक व्यक्ति के जीवन परिवर्तन की कहानी नहीं है, बल्कि यह मानवता और अहिंसा की शक्ति का भी अद्भुत उदाहरण है।

इतिहास के अनुसार अंगुलिमाल एक अत्यंत विद्वान और प्रतिभाशाली व्यक्ति था। लेकिन परिस्थितियों और अपने गुरु के दंडात्मक आज्ञा के प्रभाव में वह हिंसा के मार्ग पर चल पड़ा। कहा जाता है कि उसे यह भ्रम हो गया था कि यदि वह एक हजार लोगों की अंगुलियाँ काटकर उनकी माला बनाकर धारण करेगा, तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होगी। इसी भ्रम में वह लोगों की हत्या करने लगा और धीरे-धीरे उसका नाम भय और आतंक का प्रतीक बन गया। जंगलों में उसका नाम सुनते ही लोग भय से कांप उठते थे। जब यह समाचार महात्मा बुद्ध तक पहुँचा, तो कई भिक्षुओं ने उन्हें उस रास्ते से न जाने की सलाह दी जहाँ अंगुलिमाल का आतंक फैला हुआ था। लेकिन करुणा और अहिंसा के प्रतीक तथागत गौतम बुद्ध ने भय को अपने मार्ग की बाधा नहीं बनने दिया। वे उसी जंगल की ओर बढ़े जहाँ अंगुलिमाल रहता था। यह घटना केवल साहस की नहीं, बल्कि मानवता में विश्वास की भी मिसाल है। कहा जाता है कि जब अंगुलिमाल ने बुद्ध को देखा तो वह उन्हें रोकने के लिए दौड़ा। लेकिन बुद्ध शांत भाव से चलते रहे। अंततः जब दोनों आमने-सामने हुए, तो बुद्ध ने अत्यंत सरल और करुणामय शब्दों में उसे जीवन का सच्चा अर्थ समझाया। उन्होंने उसे बताया कि हिंसा और हत्या के मार्ग से कभी मुक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। मोक्ष का मार्ग करुणा, संयम और अहिंसा से होकर गुजरता है।

बुद्ध के इन वचनों का अंगुलिमाल के मन पर गहरा प्रभाव पड़ा। वह पहली बार अपने कर्मों और उनके परिणामों के बारे में गंभीरता से सोचने लगा। उसी क्षण उसके भीतर एक गहरा परिवर्तन हुआ। उसने हिंसा का मार्ग छोड़ दिया और बुद्ध की शरण में आ गया। यही वह ऐतिहासिक क्षण था जिसने एक भयानक हत्यारे को करुणा और अहिंसा का अनुयायी बना दिया। आज श्रावस्ती में स्थित वह स्तूप और उससे जुड़ी यह कथा मानवता के लिए एक प्रेरणादायक संदेश देती है। यह घटना यह बताती है कि कोई भी व्यक्ति कितना ही भटका हुआ क्यों न हो, यदि उसे सही मार्गदर्शन और करुणा मिल जाए, तो उसका जीवन बदल सकता है। यही बुद्ध की शिक्षाओं का मूल संदेश है–घृणा को घृणा से नहीं, बल्कि प्रेम और करुणा से ही समाप्त किया जा सकता है।

श्रावस्ती के इन ऐतिहासिक स्थलों को देखकर यह भी महसूस होता है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत केवल अतीत की धरोहर नहीं है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक है। दुनिया भर से आने वाले पर्यटक और श्रद्धालु इन स्थलों को देखकर न केवल इतिहास को समझते हैं, बल्कि मानवता के उन मूल्यों को भी महसूस करते हैं जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। अंततः श्रावस्ती की यह यात्रा यह सिखाती है कि इतिहास केवल किताबों में नहीं होता, बल्कि वह उन स्थलों में जीवित रहता है जहाँ महान घटनाएँ घटित हुई थीं। अंगुलिमाल के हृदय परिवर्तन की यह कथा हमें याद दिलाती है कि हिंसा चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न लगे, अंततः करुणा और अहिंसा ही मानवता की सच्ची विजय का मार्ग बनती हैं।

### उत्तराखंड आपदा में शहीद हुए जवान के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

## शहीद हरलाल कालेर को तिरंगा सौंपकर दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**चूरू ।** रतनगढ़ के दाऊदसर गांव में बुधवार को शहीद हरलाल कालेर को श्रद्धांजलि दी गई। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदा के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले हवलदार हरलाल कालेर की याद में तिरंगा यात्रा निकाली गई और उनके पिता व बेटे को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया।

दाऊदसर निवासी किसान डालूराम कालेर के बड़े बेटे हरलाल कालेर 7 अप्रैल 2010 को सेना में भर्ती हुए थे। वे 14वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स में हवलदार के पद पर उत्तराखंड में तैनात थे। पांच अगस्त को उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा में वह शहीद हो गए थे। घटना के बाद उनका पार्थिव शरीर नहीं मिल सका था। कुछ दिनों बाद सेना के अधिकारियों ने उन्हें अमर शहीद का दर्जा दिया। करीब दो माह पहले उनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया था। बुधवार को गौरीसर से शहीद हरलाल कालेर के निवास से होते हुए तेजाजी मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। बटालियन की एक टुकड़ी तिरंगा लेकर बीकानेर से गौरीसर पहुंची। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने भारत माता और अमर शहीद के जयकारों से वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। गौरीसर से तिरंगा यात्रा शहीद हरलाल कालेर के खेत में बनी ढाणी पहुंची। यहां सेना के अधिकारियों ने उनके पिता डालूराम कालेर और बेटे मोहित को राष्ट्रीय ध्वज सुपुर्द किया। इसके बाद गांव में प्रस्तावित शहीद स्मारक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, इंद्राज खीचड़, संतोष तालणियां, सुरेंद्र हुड्डा, गजानंद सिहाग, राधेश्याम सारण, मदनलाल जाखड़, एसडीएम मिथिलेश कुमार, डीएसपी इंसार अली, तहसीलदार पूजा पारीक और एसआई बलवंत सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले मंत्री खर्रा व पूर्व सांसद

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**सीकर ।** यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर शाहपुरा-रींगस सड़क मार्ग को चौड़ा करने की मांग रखी। मार्ग को फोरलेन में विकसित करने तथा उसे राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्रदान करने की मांग की। यूडीएच मंत्री ने दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर राजस्थान प्रदेश के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। खर्रा ने इस दौरान राजस्थान में चल रही प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ आमजन को प्रभावित करने वाली प्रमुख समस्याओं को केन्द्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा। खर्रा ने इसके अतिरिक्त सीकर-जयपुर बाइपास पर लगातार बढ़ती जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु व व्यवस्थित करवाने का आग्रह किया। यूडीएच मंत्री खर्रा के साथ पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती भी मौजूद थे।

## छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुल्ताना में कौशल एवं उद्यमिता विकास कार्यशाला आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सुल्ताना।**



स्थानीय नारायणी देवी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में 'कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान' (सेड़ी), चिड़ावा के तत्वावधान में एक विशेष मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के कौशल संवर्धन और उन्हें स्वरोजगार व करियर के प्रति जागरूक करना रहा।मुख्य वक्ता प्रदीप सिंह राठौड़ ने छात्राओं को संबोधित करते हुए आधुनिक समय में स्किल डेवलपमेंट और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने मोटिवेशन, ग्रूमिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट और टाइम मैनेजमेंट जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की। राठौड़ ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने के प्रभावी गुर सिखाए। संस्थान के प्रतिनिधि पवन कुमार शर्मा ने सेड़ी द्वारा संचालित किए जा रहे विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कोर्सेज के बारे में विस्तार से बताया, ताकि छात्राएं अपनी रुचि के अनुसार कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं, दीपा बागड़ी ने युवाओं को करियर काउंसलिंग देते हुए भविष्य की संभावनाओं और सही दिशा चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। हरीश जोरासिया और दलीप तोगड़िया ने कॉलेज के डायरेक्टर प्रमोद, प्रेमप्रकाश और करणी सिंह का फटका पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

### भीम प्रज्ञा कविता

## सिर्फ मैं



हज़ारों चेहरों का समंदर है चारों ओर,
मगर लहरें सब अनजानी सी लगती हैं।

शोर इतना कि कान फटने को आएँ,
पर मेरी खामोशी ही अब मेरी अपनी है।

दौड़ती इस दुनिया के ठीक बीचों-बीच,
मैं एक ठहरी हुई सी परछाईं हूँ,
जो सबके साथ होकर भी,
सिर्फ अपने ही साथ खड़ी है।

भीड़ तो बस एक धुंधला सा पर्दा है,
जिसे हटाकर जब भी देखूँ,
तो हर बार...
खुद को तन्हा ही पाती हूँ।

**- क्षमा राव, मुंबई कवयित्री**

## नई जिम्मेदारी के साथ नई उम्मीदें



**भीम प्रज्ञा न्यूज.कोटपूतली।**

**रमेशचंद ।** जिला कोटपूतली बहरोड के नवपदस्थ जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह जी आईपीएस का स्वागत राजस्थान पुलिस सेवा निवृत्ति संस्थान द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला संरक्षक जगमाल सिंह यादव, जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह और कार्यकारिणी ने उन्हें साफा, माला और गुलदस्ता पेशकर सम्मानित किया। इस मौके पर ओम प्रकाश शर्मा चौबारा, बलवंत सिंह दहमी, राजेंद्र सिंह सातों, शेर सिंह चंदी चाना, ओमप्रकाश भीटेडा, मनोज शर्मा, नटवरलाल जोशी, देवदतजी शर्मा, विनोदीलाल, पूर्ण चंद जोशी, रोहिताश डाबड़वास सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें। सभी ने अपनी समस्याएं रखीं, जिसे जिला पुलिस अधीक्षक महोदय ने गौर से सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

## 9.75 लाख की कथित लूट का पुलिस ने किया खंडन, सीसीटीवी व जांच में नहीं मिला कोई साक्ष्य

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** गांव भट्टू के नजदीक शेर सिंह गोदारा के साथ पिस्तौल के बल पर दिनदहाड़े 9.75 लाख रुपये की लूट होने की कथित सूचना के संबंध में फतेहाबाद पुलिस ने तथ्यों के आधार पर स्पष्ट खंडन किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 17.03.2026 (मंगलवार) को सुबह टोहाना रोड, गांव भट्टू के निकट लूट की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की गहनता से जांच शुरू की गई। जांच के दौरान इस प्रकार की किसी भी लूट की घटना की पुष्टि नहीं हो सकी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओम प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा आसपास के लोगों से विस्तारपूर्वक पूछताछ की गई, लेकिन कहीं से भी लूट की वारदात के संबंध में कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया। साथ ही, इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत भी प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता शेर सिंह गोदारा से भी गहन पूछताछ की गई, जिसमें उनके बयान प्रथम दृष्टया संदिग्ध पाए गए हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है, ताकि वास्तविक तथ्यों का पता लगाया जा सके। सत्यता सामने आने पर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पिलानी क्षेत्र को पेयजल संकट से राहत की दिशा में बड़ा कदम

## 44.70 करोड़ रुपए की जल आपूर्ति योजना की निविदा जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

भाजपा नेता राजेश दहिया के प्रयासों से आगे बढ़ी पहल, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग जल आपूर्ति व्यवस्थाएं होंगी मजबूत



पिलानी विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। केंद्र और राज्य सरकार की AMRUT 2.0 योजना के अंतर्गत पिलानी शहर और विद्या विहार क्षेत्र की जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगभग ?44.70 करोड़ की लागत से नई जल आपूर्ति योजना की निविदा जारी की गई है। इस पहल को आगे बढ़ाने में भाजपा नेता राजेश दहिया के लगातार प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दहिया ने बताया कि पिलानी विधानसभा क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल आपूर्ति की अलग-अलग व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र को स्थायी राहत मिल सकें। पिलानी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति को मजबूत करने के लिए झेरली में जल भंडारण और पंप हाउस केंद्र विकसित किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से आसपास के गांवों को नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

राजेश दहिया ने बताया कि यह जल आपूर्ति केंद्र भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ी राहत और स्थायी समाधान साबित होगा, क्योंकि इसके माध्यम से कई गांवों की जल समस्या का समाधान किया जा सकेगा। पिलानी शहर, विद्या विहार और चिड़ावा आदि आसपास के शहरी क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता रहा है। नई जल आपूर्ति योजना लागू होने के बाद इन शहरों में पाइपलाइन के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल टैंकरों पर निर्भरता कम होगी बल्कि लोगों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और जल आपूर्ति व्यवस्था अधिक स्थायी और व्यवस्थित बनेगी। नई योजना के तहत पिलानी और विद्या विहार क्षेत्र में मंड्रेला क्षेत्र से पाइपलाइन के माध्यम से जल आपूर्ति को मजबूत किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जारी निविदा के अनुसार यह योजना 'शहरी जल सप्लाई योजना पिलानी विद्या विहार' के तहत लागू की जाएगी। इस योजना में निर्माण कार्य के साथ 5 वर्षों का संचालन और रखरखाव (O&M) तथा 1 वर्ष का डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड भी शामिल किया गया है। भाजपा नेता राजेश दहिया ने बताया कि उन्होंने 5 सितंबर 2024 को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को पत्र लिखकर मलसीसर क्षेत्र से पानी के उपयोग और पाइपलाइन विस्तार का सुझाव दिया था। सरकार ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए योजना को आगे बढ़ाया और अब इसकी निविदा जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश की महत्वपूर्ण कुम्भाराम पेयजल परियोजना की पूरक योजना के रूप में कार्य करेगी, जिससे पूरे क्षेत्र की जल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। राजेश दहिया ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार पिलानी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से पिलानी शहर, विद्या विहार, चिड़ावा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है और यह पिलानी विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।






# किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते हैं आप

किचन के खाने से पूरी फैमिली की सेहत जुड़ी होती है इसलिए खाना बनाते वक्त साफ–सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन क्या आप जानती है कि खाना बनाने वाले बर्तनों में भी परिवार की हेल्थ डिपेंड करती है। इस बात पर ध्यान देने की बहुत जरूरत होती है कि हम किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते है। आइए जानते हैं कि खाना पकाने के लिए किस तरह के बर्तनों का इस्तेमाल करना चाहिए–

## पीतल

पीतल के बर्तनों में खाना पकाना एवं खाना आमतौर पर पुराने समय में ज्यादा किया जाता था। यह नमक और अम्ल के साथ प्रतिक्रिया करता है, इसलिए खट्टी चीजों का या अधिक नमक वाली चीजों को इसमें पकाना या खाना नहीं चाहिए, वरना फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

## तांबा

तांबे के बर्तनों का इस्तेमाल भी पुराने जमाने से ही किया जाता रहा है और यह भी पीतल की तरह ही अम्ल और नमक के साथ प्रतिकिया करता है। कई बार पकाए जा रहे भोजन में मौजूद ऑर्गेनिक एसिड बर्तनों के साथ रिएक्शन कर ज्यादा कॉपर पैदा कर सकते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाता है।

## स्टेनलेस स्टील

स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल आज के समय में काफी चलन में है। यह एक मिक्स धातु है जो लोहे में कार्बन, क्रोमियम और निकल मिलाकर बनाई जाती है। इसमें खाना पकाने या बनाने में सेहत को कोई नुकसान नहीं होता। इन बर्तनों का तापमान बहुल जल्दी बढ़ता है।

## एल्युमीनियम

एल्युमीनियम के बर्तनों का इस्तेमाल लगभग हर घर में होता ही है। गर्मी मिलने पर एल्युमीनियम के अणु जल्दी सक्रिय होते हैं और एल्युमीनियम जल्दी गर्म होता है। एल्युमीनियम के बर्तन में खाना पकाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता। यह भी एसिड के साथ बहुत जल्दी रिएक्शन करता है, इसलिए इसमें खटाई जैसे अचार, नींबू जैसी चीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।


## लोहा

भोजन पकाने और खाने के लिए लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल हर तरह से फायदेमंद होता है। इन बर्तनों में पकाए गए भोजन में आयरन की मात्रा अपने आप बढ़ जाती है और आपको उसका भरपूर पोषण मिलता है। आमतौर पर सभी को आयरन की जरूरत होती है और महिलाओं के लिए खास तौर पर आयरन बहुत फायदेमंद होता है।

## नॉन स्टिक

नॉन स्टिक का मतलब है, ना चिपकने वाला। ऐसे बर्तन जिनमें खाना चिपकता नहीं है और पकाने के लिए अधिक तेल या घी की जरूरत भी नहीं होती लेकिन इन बर्तनों को ज्यादा गर्म या खरोंच ना लगाएं, इससे इनमें कई ऐसे केमिकल निकलते हैं जो सेहत को नुक्सान पहुंचाते हैं।





# खूबसूरती ही नहीं घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम भी करता है आइना

आइना सिर्फ चेहरा देखने के लिए बल्कि घर की खूबसूरती बढ़ाने का काम भी करता है। मगर आइना अगर वास्तु के हिसाब से लगा हो घर में सुख–शांति बढ़ाने का काम भी करता है। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि घर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ाने के लिए किस आकार, साइज और दिशा में शीशा रखना चाहिए।

## पैसों के किल्लत दूर करने के लिए

पैसों की तंगी दूर करने के लिए घर की दक्षिण दिशा में एक बड़ा गोल दर्पण लगाएं। इससे ना सिर्फ पैसों की किल्लत दूर होगी बल्कि यह घर में पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ाएगा।

## सुख–शांति बनाए रखने के लिए

वास्तु के अनुसार, घर की उत्तर दिशा में आइना लगाने से घर में सुख–शांति बनी रहती है और इससे परिवार के सदस्यों में लड़ाई–झगड़ें भी नहीं होती। इसके लिए आप उत्तर दिशा में अंडाकार शीशा लगाएं।

## कपल्स के लिए

बेड के सामन दर्पण नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे पति–पत्नी के रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। बेडरूम में शीशा ऐसी जगह लगाएं, जहां से इसमें बेड ना दिखे। आप बेडरूम की दक्षिण में तिकोना आइना लगा सकते हैं।

## मुख्य दरवाजा

कभी भूलकर भी घर के मुख्य द्वारा पर शीशा ना रखें। ऐसा करने से घर में नाकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही मुख्य दरवाजे पर कोई चमकदार चीज भी ना रखें

## बाथरूम में इस दिशा में लगाएं आइना

जिन लोगों का बाथरूम दक्षिण या पश्चिम दिशा में है उनको उत्तर दिशा में वर्गाकार आइना लगाना चाहिए। ऐसा करने से बाथरूम का वास्तुदोष खत्म हो जाएगा।

## घर में ना रखें टूटा हुआ आइना

घर में कभी–भी टूटा हुआ शीशा नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। साथ ही इससे परिवार क बीच झगड़े भी होने लगते हैं।

## शीशे के शो–पीस

शीशे के शो–पीस को या एक्वेरियम को हमेशा उत्तर–पूर्व दिशा में ही लगाएं। इस दिशा में आइना या शो–पीस लगाने से घर में साकारात्मक ऊर्जा का वासा होगा।





आज के समय में हर महिला अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती है। यह एक्सपेरिमेंट सिर्फ कपड़ों या स्टाइल तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि मेकअप में भी बदलाव करके एक नया लुक पाया जा सकता है। शायद यही कारण है कि हर महिला की मेकअप किट में कई तरह के कलर्स आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप भी इस बार पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए डार्क लिपस्टिक लगाने का मन बना रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखे

# डार्क लिपस्टिक लगाने से पहले रखें ध्यान

## लिप्स को करें तैयार

होंठों का फटना एक आम समस्या है। इसलिए अगर होंठ ड्राई या फटे हैं तो पहले उसे एक्सफोलिएट करें। इसके लिए शहद में कुछ बूंदें नारियल तेल व एक चम्मच चीनी डालकर मिक्स करें और उसे होंठों पर लगाकर हल्के हाथों से रब करें। करीबन पांच मिनट बाद ठंडे पानी से होंठ साफ करें।

## ऐसे करें शुरूआत

होंठों पर लिपस्टिक लगाने से पहले लिप प्राइमर लगाना जरूरी है। यह आपके लिप्स को एक बेस देते हैं। अगर आप चाहें तो लिप बाम की एक पतली सी लेयर भी लगा सकती हैं। इसके बाद फेस मेकअप करें। जब यह लिप बाम सूख जाए, तो टिश्यू पेपर की मदद से अतिरिक्त बाम को हटाएं और फिर डार्क लिपस्टिक अप्लाई करें।

## लिप ब्रश का इस्तेमाल

लिपस्टिक अप्लाई करते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है, फिर चाहे आप लाइट लिपस्टिक लगाएं या डार्क। कभी भी लिपस्टिक को सीधे न लगाएं, बल्कि इसके लिए लिपब्रश का प्रयोग करें। ऐसा करने से होंठों के अंत पर भी लिपस्टिक बिना फैले हुए बेहद आसानी से लग जाती है। इतना ही नहीं, लिपब्रश की मदद से लिपस्टिक लगाने के पश्चात होंठों को एक नई डेफिनेशन मिलती है।

## इसका रखें ध्यान

यह अवश्य सुनिश्चित करें कि वह आपकी स्किन टोन को कॉम्पलिमेंट करता हो।



# तो ये ट्रिक्स अपनाकर बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं आप

**आज के किड्स बहुत स्मार्ट हैं। उन्हें कुछ सिखाने या बताने की जरूरत नहीं होती। उनकी यही स्मार्टनेंस पेरेंट्स के लिए अनेक मुश्किलें खड़ी कर देती है, जिन्हें हैंडल करना उनके लिए आसान नहीं होता। यदि आप चाहें तो कुछ ट्रिक्स अपनाकर अपने बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं।**

## बच्चों की फिजूलखर्ची

आजकल के बच्चों की फरमाइशें इतनी हैं तो मा–बाप उनकी फिजूलखर्ची से परेशान हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए को वह बच्चे को बचपन से ही सेविंग्स की आदत डालें, ताकि वह अपनी पसंद की चीज खुद खरीद सकें। उन्हें अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा पिग्गी बैंक में जमा करने के लिए कहें। साथ ही बच्चों को पैसों की बैल्यू समझाएं और उन्हें कहें कि वह जरूरत पड़ने पर ही पैसे खर्च करें।

## टैक्नोलॉजी के शिकार

टैक्नेलॉजी के बढ़ते प्रभाव से बच्चे भी अछूते नहीं है। वे अपने पेरेंट्स को जैसा करते देखते हैं वैसा ही करते हैं। यदि पेरेंट्स टैक्नो एडिक्ट होंगे तो बच्चे भी टैक्नो एडिक्ट ही बनेंगे। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों को टीवी, लैपटॉप, स्मार्टफोन और टैबलेट का इस्तेमाल निर्धारित समय सीमा तक ही करने दें।

स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप पर पासवर्ड लगाकर रखें और कुछ दिन बार पासवर्ड बदलते रहें।

डिनर, पूजा और फैमिली गैदरिंग के समय उन्हें टीवी, लैपटॉप, कम्प्यूटर और मोबाइल से दूर रखें।

बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं और उन्हें वीकेंड में आउटिंग या पिकनिक के लिए ले जाएं।

## जब बच्चे हर बात के लिए कहे ना

आजकल बच्चे अपने पेरेंट्स के मुंह पर ही काम करने से मना कर देते हैं। कई बार तो वह यह भी नहीं देखते थे पेरेंट्स थक गए हैं और काम करने से सीधा मना कर देते हैं। ऐसे में उन्हें डांटने या मारने की बजाए प्यार से बात करें और बड़ों का आदर करना सिखाए। इससे वह आरास से आपका कहना मानेंगे।

## जब बच्चों पर हो पीयर प्रैशर

बचपन से ही बच्चों में पीयर प्रैशर का असर दिखना शुरू हो जाता है। 11–15 साल के बच्चों पर दोस्तों का दबाव अधिक होता है लेकिन पेरेंट्स इस प्रैशर को समझ नहीं पाते। हालांकि इसका सकारात्मक प्रभाव भी होता है, जैसे कि बच्चा एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टीविटीज में भाग लेने लगता है। मगर कई बार इसका बच्चे इसकी वजह से झूठ, चोरी और स्मोकिंग और क्लास बंक करना जैसी गलत आदतों के आदि हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चों को सही राह दिखाएं।

बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें, ताकि वह अपनी हर बात आपसे शेयर करें।

उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा दें तथा उन्हें मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।

उनके दोस्तों के बारे में पूरी जानकारी रखें।

बच्चों के व्यवहार में कोई बदलाव महसूस होने पर तुरंत उनके टीचर्स और दोस्तों से मिलें। इस बारे में उनसे बात करें।



# कांकर गांव के लेफ्टिनेंट कार्तिक सिंह चौहान का भव्य स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के कांकर गांव के होनहार युवा लेफ्टिनेंट





कार्तिक सिंह चौहान के सफलतापूर्वक सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल-मालाओं और साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा पूरे उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट कार्तिक सिंह चौहान ने गांव के मंदिरों में जाकर धोक लगाई और क्षेत्र की खुशहाली व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उनके गांव आगमन पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्तिक सिंह चौहान के पिता कुलदीप सिंह चौहान का काफी समय पहले निधन हो चुका है। विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत कर एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की और भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने का गौरव प्राप्त किया। कुतीना सरपंच रविंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्तिक सिंह चौहान ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर तथा प्रशिक्षण पूरा कर गांव लौटकर क्षेत्र और गांव का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि कार्तिक की उपलब्धि गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। लेफ्टिनेंट कार्तिक सिंह चौहान ने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। यदि युवा अपना लक्ष्य तय कर ईमानदारी से प्रयास करें, चाहे वह सेना में जाना हो या किसी अन्य क्षेत्र में, तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुतीना सरपंच रविंद्र सिंह चौहान, कैप्टन देवेंद्र सिंह चौहान, समाजसेवी शंकर सिंह चौहान, रवि चौहान, विकास सोनी, उदयवीर मेघवाल, ठाकुर भंवर सिंह, वार्ड पंच विजेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सिंह चौहान, लीलू भगत जी, रतिपाल सिंह, मोहन सिंह, डब्बू चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार के सवाल पर सरकार का जवाब: जल्द लागू होगी पारदर्शी तबादला नीति; ऑनलाइन पोर्टल से होंगे आवेदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।

राजस्थान की 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र में सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार द्वारा उठाए गए एक महत्वपूर्ण सवाल के जवाब में सरकार ने राज्य के लाखों कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर दी है। सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने सरकार से पारदर्शी स्थानांतरण नीति और इसे लागू करने की समयसीमा पर सवाल किया था, जिसके जवाब में कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया कि राज्य में तबादला प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है।नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना के अध्यक्ष डी पी सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरजगढ़ के लोकप्रिय विधायक श्रवण कुमार लगातार सड़क से लेकर सदन तक जनहित में मुद्दे उठाते है। इसी क्रम में विधायक श्रवण कुमार ने तारांकित प्रश्न संख्या 1538 के माध्यम से सरकार से पूछा कि क्या पारदर्शी स्थानांतरण नीति तैयार कर ली गई है और इसे कब तक लागू किया जाएगा। इसके जवाब में बताया गया कि प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा 9 अप्रैल 2024 और 24 मई 2024 को दिशा-निर्देश जारी कर सभी



विभागों को अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार नीति तैयार करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

## अब सिफारिश नहीं, पोर्टल से होगा काम

सरकार द्वारा सदन में दी गई जानकारी के अनुसार, अब तबादलों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DoIT) एक विशाल ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर रहा है।

**आवेदन की अवधि:** तबादले के इच्छुक कार्मिकों को हर साल 1 फरवरी से 28 फरवरी तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

**काउंसलिंग प्रक्रिया:** प्राप्त आवेदनों पर 1 मार्च से 31 मार्च तक काउंसलिंग की जाएगी।

**अंतिम तिथि:** स्थानांतरण आदेश अधिकतम 30 अप्रैल तक जारी कर दिए जाएंगे।

## नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

सरकार ने साफ किया है कि यदि कोई विभाग इन दिशा-निर्देशों के विरुद्ध तबादले करता है, तो उन आदेशों को निरस्त करने के साथ-साथ संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, किसी भी कार्मिक का तबादला उसके वर्तमान पद पर 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद ही किया जा सकेगा।

## किसे मिलेगी प्राथमिकता?

तबादलों में पारदर्शिता के लिए 'अंक विधान' (Count Points) प्रणाली अपनाई जाएगी। इसमें निम्नलिखित श्रेणियों को प्राथमिकता दी जाएगी:

**विशेष श्रेणी:** दिव्यांगजन, विधवा, परित्यक्ता, एकल महिला और शहीद के आश्रित।

**गंभीर बीमारी:** कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट और हार्ट सर्जरी जैसे असाध्य रोगों से पीड़ित कार्मिक या उनके परिवार को प्राथमिकता मिलेगी।

**डार्क जोन:** दूरस्थ जिलों या डार्क जोन में निर्धारित समय तक सेवा देने वाले कार्मिकों को इच्छित स्थान पर तबादले का मौका मिलेगा।

# संवेदनशील जनसेवा की मिसाल: विधायक राजेन्द्र मीना ने लकवाग्रस्त भाइयों तक पहुंचाई राहत, व्हील चेयर से बदली जिंदगी की राह

भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।

**मनोज खंडेलवाल ।** महवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सोड़ान का बास, हिंगोटा में जनसेवा का ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने यह साबित कर दिया कि जब नीयत साफ हो तो राहत के रास्ते खुद बन जाते हैं। यहां लंबे समय से लकवाग्रस्त तीन भाइयों के संघर्ष भरे जीवन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने मौके पर पहुंचकर न केवल हालात का जायजा लिया, बल्कि तत्काल राहत दिलाकर संवेदनशील जनप्रतिनिधित्व की सशक्त मिसाल पेश की। कहते हैं कि 'जहां दर्द समझा जाता है, वहीं से राहत की शुरुआत होती है ', और इसी भावना को साकार करते हुए विधायक ने जरूरतमंद परिवार तक मदद पहुंचाई। गांव निवासी मक्खन लाल मीना, उमेदीलाल मीना और नहनजीराम मीना लंबे समय से लकवे की गंभीर स्थिति में जीवन यापन कर रहे थे। आर्थिक और शारीरिक कठिनाइयों के बीच उनका दैनिक जीवन



संघर्ष बन चुका था। विधायक जब उनके घर पहुंचे तो स्थिति की वास्तविकता सामने आई, जहां दो भाइयों के पास व्हील चेयर जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं थी। हालात देखकर विधायक ने बिना देर किए दौसा के समाज कल्याण अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल व्हील चेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके परिणामस्वरूप अल्प समय में ही दोनों जरूरतमंद भाइयों तक व्हील चेयर पहुंचा दी गई और उनके जीवन में राहत की नई उम्मीद जगी।

इस मौके पर विधायक राजेन्द्र मीना ने स्पष्ट कहा कि उनके लिए राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है और जनप्रतिनिधि होने का असली अर्थ यही है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता समय पर पहुंचे। उनकी यह पहल यह संदेश देती है कि 'जो दर्द बांटता है, वही असली नेतृत्व निभाता है।' स्थानीय ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल को सराहते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी संवेदनशील सोच ही समाज में विश्वास और सहारे की नींव मजबूत करती है। यह पहल न केवल दो जरूरतमंद भाइयों के जीवन में बदलाव लाई, बल्कि पूरे क्षेत्र में यह संदेश भी छोड़ गई कि जनसेवा जब संवेदना से जुड़ती है तो उसका असर सीधा दिल तक पहुंचता है।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत दो दिवसीय नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर शुरू

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी योजना के अंतर्गत महाजन पंचायत, नगरपालिका चौक मंडावा में दो दिवसीय नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू हुआ। इस दौरान शिविर में आई सी ई एस की टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंडावा तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर ने कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर की समस्त कार्यप्रणाली ओर इस योजना की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में स्थानीय उद्यमियों, व्यापारियों, विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों तथा नए व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल रूप से सक्षम किया गया ।




शिविर के प्रारंभ में डॉ सुरेन्द्र भास्कर तहसीलदार मंडावा ने बताया कि वे अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से कैसे बेच सकते हैं तथा अपने व्यवसाय को देश और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक कैसे पहुंचा सकते हैं। इस दौरान झुंझुनूं जिले के वुडन हैंडीक्राफ्ट लकड़ी के हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों और उद्यमियों को ओडीओपी योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने उत्पादों का बेहतर विपणन कर सकें। आयोजकों ने मंडावा क्षेत्र के सभी उद्यमियों, व्यापारियों, कारीगरों एवं युवाओं से अपील की गई है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर , पूर्व चेयरमैन नरेश सोनी , संदीप शर्मा ,अधिशाषी अधिकारी लोकेंद्र सिंह शेखावत मंडावा नगरपालिका, आनंद सोलंकी नगर पालिका मंडावा , रिपु दमन स्वामी , पुखराज स्वामी , आईसीईएस विभाग के मुकेश शर्मा , जे पी छापोला , रवि बिल्ला , प्रदीप सोनी , अशोक तंवर , राजकुमार सिंघानिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 'विजयोत्सव' में 437 प्रतिभाओं का सम्मान, एईपीएल ने जिले को दिया मेधा और संस्कार का सशक्त मंच

## ऐसे ही मंच गढ़ते हैं विधार्थियो का उज्ज्वल भविष्य-विनय बौहरा

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा?।

**मनोज खंडेलवाल ।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और प्रतिभा संवर्धन के लिए पहचान बना चुके औरिगा एजुवेंचर प्राइवेट लिमिटेड (एईपीएल) ने 'एईपीएल ओलंपियाड' के सफल प्रतिभागियों के सम्मान में आयोजित 'विजयोत्सव' समारोह के जरिए जिलेभर की मेधावी प्रतिभाओं को एक मंच पर सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया। गायत्री पैलेस में आयोजित इस भव्य समारोह में करीब 437 विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जिससे न केवल विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा बल्कि जिले में प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल भी मजबूत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने गीतों और राजस्थानी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे समारोह को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। मंच पर जहां एक ओर मेधा का सम्मान हुआ, वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक प्रतिभाओं ने भी अपनी छाप छोड़ते हुए यह साबित किया कि शिक्षा और संस्कार का समन्वय ही वास्तविक विकास की आधारशिला है। संस्थान की संस्थापिका निदेशिका शैफाली सूर्य सिंह ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों और अभिभावकों को




प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता केवल परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, धैर्य और आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एईपीएल का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देकर उन्हें ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी निर्णायक बताते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियों के पीछे माता-पिता का विश्वास और सहयोग सबसे बड़ी ताकत होता है। समारोह के दौरान आगामी शैक्षणिक सत्र की घोषणा करते हुए बताया गया कि संस्थान में 19 मार्च से नियमित कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। साथ ही यह संकल्प भी दोहराया गया कि भविष्य में भी ओलंपियाड और सम्मान समारोहों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें निखारने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोहराज ग्लोबल स्कूल के निदेशक विनय बोहरा ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक पहल बताया।

# बुहाना में एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत, सर्वाइकल कैंसर से बचाव का दिया संदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बुहाना में आज एचपीवी (HPV) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. महेन्द्र सिंह नेहरा द्वारा बीपीओ बुहाना श्रीमती राजबाला देवी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बीसीएमओ बुहाना डॉ. जयवीर सिंह भगासरा तथा चिकित्सा अधिकारी मेघपुर डॉ. प्रियदर्शना ने आमजन को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत गांव बामनवास



निवासी कुमारी खुशी, पुत्री श्री जितेंद्र, ने सीएचसी बुहाना पहुंचकर एचपीवी वैक्सीनेशन का लाभ लिया। चिकित्सकों ने इसे जागरूकता की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। डॉ. जयवीर सिंह भगासरा एवं लाभार्थी खुशी ने संयुक्त रूप से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को अधिक से अधिक इस वैक्सीन का लाभ लेना चाहिए, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से क्षेत्र में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है।

# मुंडावर में NDPS एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, 157 ग्राम अवैध गांजा बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** मुंडावर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी टिंकू पुत्र अमीलाल जाटव, निवासी सोडावास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 157 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। यह कार्रवाई जयपुर रेंज के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश (IPS) के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय (IPS) के निर्देशों पर पुलिस ने सख्त कदम उठाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक




दया सिंह (RPS) के निर्देशन और वृत्ताधिकारी किशनगढ़बास लाल सिंह (RPS) के सुपरविजन में मुंडावर थाना अधिकारी मोहर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने 17 मार्च 2026 को सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई में मुंडावर थाना पुलिस की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# खाद्य आपूर्ति विभाग ने अटेली कस्बे में छापा मार कर होटल-ढाबों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने वालों को दबोचा, 11 सिलेंडर पकड़े

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने अटेली कस्बे में बुधवार को छापा मार कर अवैध रूप से होटल-ढ़ाबों पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग करने वालों को दबोचा है। खादय आपूर्ति टीम को देखने पर हड़कंप मच गया। टीम ने अटेली क्षेत्र में 11 घरेलू गैस सिलेंडर पकड़े यह कार्यवाही व्यापारिक प्रतिष्ठान, होटल, ढ़ाबा ने कार्यवाही की। इन सिलेंडरों को जब्त कर गैस एजेंसी अटेली में जमा करवा दिये। खाद्य आपूर्ति की टीम इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, सब इंस्पेक्टर हरि प्रकाश,मनीश गुर्जर, कान्हाराम शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने बताया कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी।, टीम बराबर गैस एजेंसी, होटलों, ढ़ाबों व दूसरी जगह पर नजर रखे हुए है। घरेलू सिलेंडरों की मांग अचानक दुगनी हुई,गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें दखी जा रही है, पुलिस की मौजूदगी में वितरण हो रहा है। गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि क्षेत्र मेंपहले जब प्रतिदिन करीब 500 रोज सिलेंडरों की मांग रहती थी अब यह आंकड़ा 1000 तक पहुंच गया है। एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लग रही है तथा पुलिस की मौजूदगी में बुकिंग व केवाईसी आदि कार्य करना पड़ रहा है। उपभोक्ता संदीप जांगिड़ वार्ड 2 निवासी, धुरेंद्र पाल, बिरेंद्र सिंह, सुनील, प्रवीण कुमार ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने से घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी 2 हजार रुपए तक हो गई है। गैस एजेंसियों व प्रशासन को सही व्यवस्था करनी चाहिए। गैस एजेंसियों पर बुकिंग गैस सिलेंडर की बुकिंग पोर्टल स्लो चलने के कारण समस्या गंभीर बनती जा रही है। अटेली क्षेत्र में मंडी अटेली में शहीद बिरेंद्र सिंह गैस एजेंसी,गणियार में ग्रामीण वितरण, खेड़ी में ग्रामीण वितरक एजेंसी है। इनमें करीब 20 हजार गैस उपभोक्ता है वही जिले में करीब एक लाख 41 हजार गैस कनेक्शन है। प्रधानमंत्री की उज्ज्वला योजना के लाभ पात्रों को भी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। खाद्य आपूर्ति नियंत्रक सावित्री बाई ने बताया कि मध्य एशिया में चल रही लड़ाई को लेकर भ्रांतियां फैलने के चलते दिक्कत हो रही है। पोर्टल पर बुकिंग में उपभोक्ता द्वारा समय पर फोन नहीं उठाने पर दिक्कत हो रही है। जिले में रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी की कोई कमी नहीं है। सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक है, अगर किसी ने कालाबाजारी की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज से गैस एजेंसियों पर खाद्य आपूर्ति के कर्मियों की मौजूदगी में गैस का वितरण होगा।

# राजस्थान में तेज बारिश और ओले गिरने की चेतावनी:9 डिग्री तक गिरा तापमान

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने के साथ ही राजस्थान का मौसम बदल गया। गुरुवार को डूंगरपुर और बांसवाड़ा को छोड़कर पूरे राजस्थान में यलो अलर्ट जारी किया है। 9 जिलों में ऑरेंज अलर्ट है। जयपुर सहित कई शहरों में बुधवार देर रात से ही घने बादल छाए हुए हैं। हवा में भी ठंडक है। बदले मौसम का प्रभाव 20 मार्च तक रहने की संभावना है। इससे पहले बुधवार को 5 से ज्यादा जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। इस कारण तापमान 2 से लेकर 9 डिग्री तक गिर गया। सीकर में गिरे ओले के कारण हल्की ठंड महसूस हुई।



## 40किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चली

झुंझुनूं, चूरू में तूफानी बारिश हुई। यहां करीब 30 से 40किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चली और तेज बरसात हुई। झुंझुनूं, अलवर, जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, अजमेर में भी देर शाम घने बादल छाए और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस सिस्टम का सर्वाधिक असर बुधवार देर रात से 20 मार्च तक देखने को मिलेगा।

झुंझुनूं, चूरू में तूफानी बारिश हुई। यहां करीब 30 से 40किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चली और तेज बरसात हुई। झुंझुनूं, अलवर, जोधपुर, बाड़मेर, बालोतरा, अजमेर में भी देर शाम घने बादल छाए और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- इस सिस्टम का सर्वाधिक असर बुधवार देर रात से 20 मार्च तक देखने को मिलेगा।

# काजी समाज उदयपुरवाटी ने रोजा इफ्तार की दावत रखी

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।



**सुमेर मीणा** । शहर में शाकंभरी गेट के निकट पुलिस थाना उदयपुरवाटी के पास मदीना मदरसा में काज़ी समाज उदयपुरवाटी की तरफ से रोज़ा इफ्तार दावत रखीं गई। इस इफ्तार दावत में सैकड़ों की तादाद में रोजेदार शरीक हुए और नमाज अदा करने के बाद सभी ने देश-प्रदेश में अमन-चैन, भाईचारा कायम रहने की दुआ मांगी।इस मौके पर शहर काजी गुलाम रसूल साहब,अकरम मुग़ल(युवा नेता)एहसान काज़ी, फारूक काज़ी, माहीर ख़ान, बाबु काज़ी, जमील, आसीफ, इमरान, फारूक एडवोकेट, मेहबूब, संजय साजीद, अमित, नाज़ू, मुर्तजा काज़ी सहित सैकड़ों की तादाद में रोजेदार शरीक हुए।

# भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा** । श्री युवक सभा आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष विक्रम संवत् 2083 के शुभ आगमन (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर 2100 दीप प्रज्वलित कर परिसर को आलोकित कर आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्राचार्य मनीषा सैनी, ममता यादव, ममता मिश्रा, ममता मोर्य, सुमन प्रजापति, सीमा सिंह, मधु सैनी, कुंदन सिंह, हिमांशु जांगिड़, गोविंद राम चेजारा, व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया, रामजी लाल शर्मा, ताराचंद शर्मा, सोनू सैनी, पूनम एवं अरविंद कुमार उपस्थित रहें।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# शहीद सूबेदार ओमप्रकाश को श्रद्धांजलि पत्र सौंपा गया

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद** । सोडावास समीप माजरी खोला गांव के शहीद सूबेदार ओमप्रकाश को श्रद्धांजलि पत्र जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय खैरथल- तिजारा के अधिकारी लखमीचंद ने उनके घर आकर उनकी विधवा को सौंपा। यह श्रद्धांजलि पत्र सेना मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है और इसमें सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी के हस्ताक्षर हैं। इस अवसर पर गांव के कैप्टन रामप्रताप, सूबे मेजर सत्यपाल माजरी खोला, सूबेदार रघुवीर पड़मारा खुर्द, सरपंच अनिल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता आभास सुबेसिंह कानोड़िया, धर्मचंद बोहरा, नरेश शर्मा, हरी कानोडिया, रणधीर शर्मा, संदीप यादव भाईजान, कृष्ण यादव बिजली पदमाडा, कैलाश धानका, सुन्दर सरदार बापडोली, गजराज यादव, अनिल शर्मा सोडावास सहित ग्रामीण मौजूद रहे। शहीद सूबेदार ओमप्रकाश की शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए उपस्थित लोगों ने उन्हें नमन किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियां और बैठकों का दौर जारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।



**कमल किशोर पंवार** । शोभायात्रा समिति के कार्यकर्ताओं की केसरिया ग्रुप की बहनों के साथ गणगौर उत्सव के दौरान बैठक हुई जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि हम सब उत्साह से इसमें शामिल रहेंगी। इस मौके पर भगवती बाई, पुष्पा देवी व अनेक महिलाएं उपस्थित रही। रामकुमार सिंह राठौड़ व महेश मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई तथा इसी शोभायात्रा को लेकर माताजी के मंदिर में शाम ठीक 6 से 7 रोजाना एक मीटिंग आयोजित की जाती है ।जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और साथ ही शोभायात्रा को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारी की जा रही है जिसमें महेश मिश्रा मेजर डीपी शर्मा, पवन शर्मा, मुरली मनोहर चोबदार,प्रोफेसर गिरधारी लाल, मोहनलाल चूड़ीवाल,फूलचंद सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में कार्य को गति दे रहे हैं।

# विद्यालय कमेटी की 125वीं वर्षगांठ के मौके पर 22 मार्च को, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

भीम प्रज्ञा न्यूज.

**कमल किशोर पंवार** । शेखावाटी क्षेत्र की प्रथम एवं प्राचीनतम शिक्षण संस्था नवलगढ़ विद्यालय की संचालक संस्था नवलगढ़ विद्यालय कमेटी, कोलकता की 125वीं वर्षगांठ रविवार को एस.एन. स्कूल तथा बी.एड़ कॉलेज परिसर में समारोह पूर्वक मनाई जायेगी। नवलगढ़ विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जालान ने बताया कि नवलगढ़ विद्यालय कमेटी कोलकता द्वारा वर्तमान में तीन शिक्षण संस्थाऐं क्रमश: नवलगढ़ उच्च माध्यमिक विद्यालय, एस.एन. महिला महाविद्यालय तथा एस.एन. गर्ल्स बी.एड़ कॉलेज संचालित हैं जिनमें प्रति वर्ष लगभग 1500 छात्र/छात्राएं अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ओमप्रकाश जालान ने बताया कि 125वीं वर्षगांठ समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल, राजस्थान हरिभाऊ किसनराव बागडे होंगे वहीं कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जालान समारोह की अध्यक्षता करेंगे। ओमप्रकाश जालान ने बताया कि राजस्थान सरकार के उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मंत्री अविनाश गहलोत, मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपनी सहमति दे दी है। स्थानीय विधायक विक्रम सिंह जाखल के अलावा प्रवासी उद्योगपति तथा कलकता कमेटी के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ायेंगे। साथ ही कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बनवारी लाल जालान को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। सन् 1901 में स्व. जोहारमल जालान की प्रेरणा से स्थापित नवलगढ़ विद्यालय कमेटी, कोलकता की 125वीं वर्षगांठ समारोह को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही है।

# वैश्य एकता दिवस पर गौसेवा संग श्रद्धांजलि, सामाजिक एकजुटता का दिया सशक्त संदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।



**मनोज खंडेलवाल** । वैश्य समाज की एकजुटता और सेवा भाव को सशक्त रूप देने के उद्देश्य से दौसा जिला वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय रामदास अग्रवाल की जयंती को वैश्य एकता दिवस के रूप में श्रद्धा और सेवा के साथ मनाया गया। मंगलवार सायं पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थित गौशाला में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने गौसेवा करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिससे आयोजन केवल औपचारिक न रहकर सामाजिक दायित्व और संस्कार का प्रतीक बन गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपभोक्ता न्यायालय के न्यायाधीश दुष्यंत कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय रामदास अग्रवाल ने अपने सार्वजनिक जीवन में उच्च राजनीतिक पदों पर रहते हुए समाज सेवा को सर्वोपरि रखा और वैश्य समाज को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं, जिनके आदर्शों को अपनाकर ही सामाजिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला एवं संभागीय अध्यक्ष मनोहरलाल गुप्ता ने कहा कि स्वर्गीय रामदास अग्रवाल ने देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्य समाज को संगठित कर सेवा और समर्पण की नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि वैश्य एकता दिवस के अवसर पर गौशाला में सेवा कार्य करना समाज के संस्कार और कर्तव्यबोध का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी सेवा और एकता का संदेश देता है। इस अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वर्गीय रामदास अग्रवाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश महिला वैश्य महासम्मेलन की उपाध्यक्ष लक्ष्मी रैला, जिला महिला अध्यक्ष पुष्पा झंगीनिया, प्रदेश महिला मंत्री रुक्मणी बढेरा, जिला महामंत्री गजानंद गर्ग, कोषाध्यक्ष सुरेश विजय, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हजारीलाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, खंडेलवाल वैश्य सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज भिंवाल, महामंत्री अटल खूंटेटा, जिला युवा महामंत्री श्याम गोठड़ा, नगर युवा अध्यक्ष पंकज डंगायच, धर्मेंद्र विजय, रामबाबू विजय सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

# शेखसर और कुमास में 11 केवी लाइन हटवाने के लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को दिया ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा** । ऊर्जा मंत्री के झुन्झुनू आगमन पर पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास के नेतृत्व में 11 केवी विद्युत लाइन हटवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुसार राहुल कुमास ने बताया कि ग्राम शेखसर व कुमास में श्मशान भूमि में से 11 केवी की लाइन जा रही है। वही दूसरी तरफ कुमास में आबादी क्षेत्र से लाइन गुजर रही है। उन्होंने बताया कि श्मशान ओर आबादी क्षेत्र से गुजरने से ख़तरा हर समय बना रहता है इससे आमजन को कभी भी हानि या हादसा हो सकता है। उन्होंने मांग करते हुए जल्द से जल्द श्मशान क्षेत्र ओर आबादी क्षेत्र से गुजर रही 11 केवी लाइन को हटाने की बात कही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका,शेखसर सरपंच प्रतिनिधि महेश पुनिया, विकास ईशरवाल, कुरड़ाराम राजकुमार, संजीव महला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ज्योतिष पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन देव-दर्शन व पूजा पाठ कर मुहूर्त की दी जानकारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



स्वर्गीय पंडित नटवरलाल जोशी की स्मृति में भारत सरकार के केंद्रीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से श्री शंकराचार्य अभिनव शिक्षण समिति द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित कार्यशाला के अंतर्गत ज्योतिष-पौरोहित्य एवं पारंपरिक पंचांग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन बुधवार को देव-दर्शन पूजा पाठ के अन्तर्गत श्री दानव दलन हनुमान मन्दिर में श्रीजी, लक्ष्मी-नारायण, सीताराम व हनुमान जी के दर्शन कर श्रीराम स्तुति सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा पाठ व आरती की गई । जबकि बडे मन्दिर में ठाकुर जी श्री रघुनाथ जी, हनुमान जी का दर्शनकर स्तुतिगान कर रुद्राष्टाध्यायी का पाठ सुनाकर आरती की। प्रशिक्षण के दौरान आचार्य महेंद्र जोशी ने मुहूर्त प्रकरण में पूज्य, ग्राह्य व त्याज्य 4-8-12 वें चन्द्र, सूर्य, गुरु के बारे में बताया । इस अवसर पर महन्त अशोक दास महाराज, पं. नवीन जोशी, गोवर्धन शास्त्री, महन्त महावीर दास महाराज, महावीर शर्मा, शशिकांत जोशी, अमित शर्मा, आरके तिवारी ,नन्दकिशोर ढंढ आदि प्रबुद्ध नागरिक एवं प्रशिक्षणार्थि उपस्थित रहें। गुरुवार चैत्र प्रतिपदा को नववर्ष अभिनन्दन वि -सं.2083 , श्री विद्या पंचांग विमोचन कार्यक्रम मुरली मनोहर मन्दिर में शाम को आयोजित किया जायेंगा ।इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों को प्रमाण- पत्र व सम्मान पत्र दियें जायेंगे व विशिष्ट विद्वानों को सम्मानित किया जायेगा।

# राजीविका वार्षिक आम सभा समारोह में महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद्र** । नीमराना क्षेत्र में नई किरण राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड (रोडवाल) द्वारा बुधवार को राजीविका वार्षिक आम सभा समारोह आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नीमराना स्थित पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र (FTC) में आयोजित हुआ, जिसमें समिति से जुड़ी महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों और स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीमराना विकास अधिकारी नरेंद्र शर्मा, अतिरिक्त ब्लॉक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल रहे। विशिष्ट अतिथि रंजीत यादव निर्देशक पंजाब नेशनल कृषक प्रशिक्षण केंद्र, देवेंद्र शर्मा आर एम महिला निधि, शशि कला मुख्य कार्यकर्ता नई किरण सीएलएफ पदाधिकारी रहे। राजीविका नीमराना के ब्लॉक परियोजना प्रबंधक एवं अतिरिक्त प्रभार जिला नोडल अधिकारी प्रिंस सक्सेना ने कार्यक्रम के दौरान समिति की गतिविधियों, महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बचत और रोजगार के अवसर बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सीएलएफ स्टाफ रोडवाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए महिलाओं को समूह के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन ज्योति कंवर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश एलआरपी, बबली, नीलम, उषा, अंजू बागोरिया, वर्षा, रेखा, संजू, सरिता, भावना, शीला, एकता, सविता, मधु बड़ी संख्या में महिला सदस्य मौजूद रहीं और उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए राजीविका से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनने की बात कही।

# एसडीएम आकाश शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का किया औचक निरीक्षण

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा** । एसडीएम आकाश शर्मा ने सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, टोहाना के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय की समग्र कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड प्रबंधन व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जनहित से सीधे जुड़ा एक महत्वपूर्ण विभाग है, जिसकी भूमिका आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम है। ऐसे में विभागीय कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार एवं जिम्मेदारी पूर्ण दृष्टिकोण अपेक्षित है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, कार्यालय में आने वाले नागरिकों के साथ सभ्य एवं विनम्र व्यवहार बनाए रखने तथा सभी कार्यों को बिना अनावश्यक विलंब के समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर अनुभव और त्वरित सेवाएं प्राप्त हो सकें। एसडीएम ने कार्यालय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, रिकॉर्ड प्रबंधन को व्यवस्थित एवं अद्यतन रखने तथा सेवा वितरण को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालय परिसर में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने, अभिलेखों को समय-समय पर अपडेट कर सुव्यवस्थित रखने तथा नियमानुसार अनुपयोगी/कंडम सामग्री के निस्तारण की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

# भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 1100 दीपों से जगमगाया श्री रघुनाथ जी का बड़ा मंदिर

## रंगोली से हुआ हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर श्री रघुनाथ जी का बड़ा मंदिर 1100 दीपों से जगमगाया जबकि रंगोली से हिन्दू नववर्ष का भव्य स्वागत किया। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर आध्यात्मिक चेतना अभियान के अंतर्गत नगर धणी श्री रघुनाथ जी के बड़ा मंदिर में भव्य दीपोत्सव एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम बड़ा मंदिर के महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 1100 दीपक प्रज्वलित कर अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया गया। दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठा और वातावरण भक्तिमय बन गया।मंदिर प्रांगण में सालासर बालाजी महाराज के चित्र की आकर्षक एवं भव्य रंगोली बनाई गई ।जिसे ट्रस्ट की कार्यकर्ता पायल कुमावत एवं पलक कुमावत ने साकार किया। महंत अशोक दास महाराज ने ट्रस्ट एवं बच्चों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में संस्कृति, समरसता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश भी देता है। उन्होंने सभी को साधुवाद देते हुए कामना की कि श्री रघुनाथ जी महाराज सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक रामनिवास शर्मा, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, सुभाष जोशी, गिरधारी लाल जाजोदिया, अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, सुनील कुमार माली, अमित सोनी, पवन कस्वा, शशि प्रकाश कुमावत, महेश कुमावत, लोकित दईया, रोहित दईया, महेंद्र घासोलिया, पार्षद विष्णु शर्मा, दिनेश मारोठ वाला, रामप्रसाद सोनी, मनोज मिश्रा, विनोद सोनी, श्याम शर्मा, धीरेन कुमावत, कार्तिक बेडिया, रियांश जाजोदिया, नव्याश सोनी, राहुल शर्मा, मोहित शर्मा, कुशांश कुमावत, दिव्यांशु माटोलीया, सुमित माटोलीया, रौनक कुमावत, कृष्णा कुमावत, राजेश कुमार शर्मा, सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे ।

# मेहंदीपुर बालाजी धाम में गूंजे जयकारे, राजस्थान दिवस पर भव्य महाआरती में उमड़ा आस्था का सैलाब

भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।



**मनोज खंडेलवाल** । राजस्थान दिवस समारोह-2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार सायं प्रसिद्ध मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में विशेष महाआरती का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि स्तर पर सहभागिता के साथ जनआस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। राज्य सरकार के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग की ओर से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार सहित जिले के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पूर्ण श्रद्धा और विधिवत परंपरा के साथ महाआरती में भाग लेकर जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में महाआरती के दौरान भजनों, घंटों और जयकारों की गूंज से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा, जहां दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साह और आस्था के साथ सहभागिता निभाई। आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराएं आज भी समाज को जोड़ने का मजबूत आधार हैं, जो सामूहिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। इस अवसर पर सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल, जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, जगमोहन मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेंद्र फौजदार, सिकराय उपखंड अधिकारी नवनीत कुमार, तहसीलदार हेमेंद्र मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रशासन का रात्रि प्रवास कार्यक्रम गांव शेखुपुर दड़ौली में 19 को

## डीसी डॉ. विवेक भारती और एसपी सिद्धांत जैन ग्रामीणों से करेंगे सीधा संवा, जन सुनवाई के साथ सुनेंगे समस्याएं

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । जिला प्रशासन की ओर से फतेहाबाद के खंड भट्टू कलां के गांव शेखुपुर दड़ौली के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 19 मार्च (वीरवार) को सायं 5 बजे से रात्रि प्रवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि रात्रि प्रवास के दौरान डीसी डॉ. विवेक भारती और एसपी सिद्धांत जैन ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनका समाधान करवायेंगे। सीटीएम ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों से संवाद द्वारा अवगत हुई समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से जिला प्रशासन का उद्देश्य गांवों में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। रात्रि प्रवास कार्यक्रम में गांव का कोई भी नागरिक इस दिन अपनी समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर सरकार की जनहितकारी नीतियों को प्रदर्शित करने के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से विभागीय स्टॉल भी लगाई जाएंगी।

# इग्नू द्वारा दाखिले की अंतिम तिथि 30 मार्च तक फिर बढ़ाई : डॉ. गुरनाम चंद

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2026 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 मार्च, 2026 कर दिया है। यह जानकारी सीएमजी राजकीय महिला कॉलेज, भोडिया खेड़ा में संचालित इग्नू के कोऑर्डिनेटर डॉ. गुरनाम चंद ने दी। डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोड़कर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इग्नू के पोर्टल पर पहले से पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अभी तक फीस का भुगतान नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे शीघ्र ही अपनी फीस जमा कर अपने प्रवेश को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। जिन विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाये उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी दाखिला संबंधित जानकारी लेने के लिए अपने नजदीकी अध्ययन केंद्र अथवा इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट www.ignou.ac.in पर भी विजिट किया जा सकता है।

# एसडीएम आकाश शर्मा की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आकाश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं, अत्याचार से जुड़े मामलों तथा पीड़ितों को मिलने वाली राहत व सहायता की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम आकाश शर्मा ने कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति/जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता समय पर उपलब्ध करवाई जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम



आकाश शर्मा ने समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी और पारदर्शी तरीके से पहुंचे, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पीड़ित को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उसे समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए। बैठक में पिछली सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में निर्धारित किए गए एजेंडा बिंदुओं की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। संबंधित विभागों द्वारा अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी ली गई और जिन बिंदुओं पर अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, वहां शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों में यदि किसी भी व्यक्ति के साथ अत्याचार या दुर्व्यवहार की शिकायत सामने आती है, तो उस पर तुरंत प्रभाव से नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। बैठक में तहसील कल्याण अधिकारी विजय कुमार सहित समिति के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य मौजूद रहे।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल की छात्रा मानवी यादव ने नवोदय परीक्षा में हासिल की 8वीं रैंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**

विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर की छात्रा मानवी यादव ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महेन्द्रगढ़ जिले में 8वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानवी, सुशील यादव (निवासी बशीरपुर) की पुत्री हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन में खुशी का माहौल है। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने मानवी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी पूर्व में भी नवोदय, सैनिक स्कूल व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नवोदय, सैनिक स्कूल व मिलिट्री स्कूल की तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिससे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिलता है। विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्र यादव, प्राचार्य अजीत सिंह एवं किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने इस सफलता के लिए छात्रा और शिक्षकों के परिश्रम की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह उपलब्धि विद्यालय के शैक्षणिक स्तर और गुणवत्ता का प्रमाण है।

# बढ़ती महंगाई व गैस सिलेंडर किल्लत के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।**

बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडरों की किल्लत के विरोध में बुधवार को प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कस्बे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। विधायक श्रवण कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सूरजगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता गैस सिलेंडरों के लिए लाइनों में खड़ी है, जबकि सरकार आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनहित में काम करने के बजाय जनविरोधी साबित हो रही है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है। धरने को नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत,



सिंघाना अध्यक्ष डीपी सैनी, ग्रामीण अध्यक्ष बाबूलाल कालोड़िया, जिला सचिव एडवोकेट हवासिंह चौहान, पंचायती राज कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय चौधरी, रामस्वरूप आसलवासिया, रविदत्त गुरु, पालीराम मुंशी, एडवोकेट मदन सिंह राठौड़ सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इसके बाद विधायक श्रवण कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम दीपक चंदन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व पालिका उपाध्यक्ष राजकुमार गोदारा, सांवरमल सैनी, सज्जन सैनी, पूर्व सरपंच राजकरण भड़िया, बलबीर राव, संजय चौधरी, रामजीलाल सैनी, विजय चंदेलिया, मनोज गुरावा, रघुवीर सिंह डैला, वैद्य अनिल जांगिड़, विमल छापड़िया, कपिल शर्मा, बनवारी लाल चेतीवाल, डॉ. सुखबीर सिंह, हुक्मीचंद, राजेंद्र नायक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# एसएचओ ने पोती होने पर हंस की मोटर में बैठ कर जच्चा-बच्चा का कुआं पूजन व सामूहिक भोज का आयोजन करवाया

## महिलाओं ने बैंड बाजे के साथ कुआं गीत गाये, सर्वत्र हो रही प्रशंसा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** लडक़ा-लडक़ी में भेद दूर करते हुए एक परिवार ने घर में कन्या के जन्म पर खूब खुशियां मना कर लीक से हट कर बैंड बाजे से कुआं पूजन व सामुहिक भौज का आयोजन किया गया। जच्चा-बच्चा को आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचे। कन्या के दादा गुरुग्राम के खेड़ीकी दोला में एसएचओं के पद पर कार्यरत है। कन्या को आशीर्वाद देने के लिए गुडग़ांवा,महेंद्रगढ़-रेवाड़ी समेत अनेक जिलो के एसएचओं व गणमान्य लोगों पहुंच कर नवजात लडक़ी को दीर्घायु का आशीवार्द दिया। गणमान्य लोगों में राता के पूर्व सरपंच टीलू यादव, प्रधान राकेश, महेंद्र राता, मुकेश एडवोकेट, संजय गोयल, मैनेजर भीम सिंह सूठवाल, खूंदरोठ के पूर्व सरपंच मदनलाल, थानेदार अजनेश, चेयरमैन संजय गोयल, वाईस रामकिशन जांगिड़, आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रधान राकेश राता ने कहा कि



समाज में लडक़ा-लडक़ी समान होते है, जब से संविधान लागू हुआ है तब से महिलाओं को समान अधिकार मिले है। समाज के दूसरे लोगों को इस तरह के लडक़ा-लडक़ी के समानता के कार्य करने चाहिए। राता खुर्द निवासी व हाल आबाद मंडी अटेली लडक़ी के दादा कृष्ण कुमार खेड़ी की दोला में एसएचओं के पद पर कार्यरत है ने बताया कि हम पुरानी गलत परपंराओं के विरूद्ध है। मैने अपने लडक़ा-लडक़ी का विवाह भी दहेज रहित किया था तथा प्रारंभ से निर्णय लिया था कि घर में पोती के जन्म लेने पर कुआं पूजन किया जाएगा। इसी के तहत पुत्रवधु को हंस की मोटर में बैठा कर महिलाओं ने परंपरागत गीत गा कर डीजे के साथ अटेली के पुराने बस स्टैंड पर कुआं पूजन किया है। लडक़ी के पिता पिता आशीष, मां आयुषी जो दोनों पोस्ट ग्रेजुएट है ने बताया कि 24 फरवरी को हमारे लडक़ी होने पर पहले छठी मनायी मंगलवार रात्रि को सामूहिक भोजन व कुआं पूजन किया गया। यह सब महिलाओं के मुक्तिदाता बाबा सहाब अंबेडकर के कारण संभव हो पाया है। कन्या की पड़ दादी चंपा देवी, दादी सुनिता देवी व ननिहाल पक्ष के परिवार में भी काफी खुशी दिखाई दी। इस कार्य की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। समारोह में गुडग़ांवा में पदौदी इंचार्ज एसएचओं ब्रह्मप्रकाश, गुडग़ांवा के ट्रेफिक इंचार्ज सुरेश कुमार, बावल से संजय यादव, कनीना के देवेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर रमेश मास्टर, संजय कंमाड़ों, मनोज थानेदार गोठड़ा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जैविभा विश्वविद्यालय का 36वां स्थापना दिवस समारोह 21 मार्च को

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लाडनूं।**

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) का 36वां स्थापना दिवस 21 मार्च शनिवार को समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। आचार्य श्री महाश्रमण के सान्निध्य मे आयोजित इस स्थापना दिवस समारोह में केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री कुलाधिपति अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ करेंगे। इस अवसर पर अध्ययन, अनुशासन और खेलकूद, सांस्कृतिक आदि शैक्षणेत्तर क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को एवं उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर दी जाने वाली विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं रोमांचक योग प्रदर्शन द्वारा समारोह लुभावना बनेगा।

# स्वर्गीय शंकरलाल भादू की दूसरी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नोखा।**

श्री श्री 108 स्वामी कृपाचार्य जी महाराज के सान्धिय में स्वर्गीय शंकरलाल भादू की दूसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर पूर्व सरपंच व उनकी धर्मपत्नि श्रीमती कैली देवी द्वारा फौजी मार्केट, कूदसू, नोखा में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य किसी जरूरतमंद रोगी को रक्त उपलब्ध करवाकर उसके जीवन को बचाना है। स्व. शंकरलाल भादू की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कैली देवी, उनके पुत्र ओमप्रकाश, सम्पत फौजी, बनवारीलाल, बाबुलाल व रामकुमार द्वारा कुटिया धाम गौशाला में एक ऑफिस का निर्माण करवाया गया हैं। इसी प्रकार उनके पौत्र व पौत्री संदीप, सचिन व राजबाला के द्वारा गौशाला के मुख्य द्वार का निर्माण करवाया गया है। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के आयोजक सम्पत फौजी ने कहा कि रक्तदान एक सेवा नहीं बल्कि मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य हैं। इस शिविर के माध्यम से हम जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं। शिविर में 178 युनिट रक्तदान हुआ।

नोखा विधायक श्रीमती सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि 'दूसरों के रक्त से जब बचती है अपनों की जान, तब समझ में आता है रक्तदान का महत्व।' इसी प्रेरणादायक भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के लोगों, युवाओं व आमजन



ने रक्तदान किया हैं। रक्तदान न केवल एक महादान है, बल्कि यह किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का सबसे सरल और महान माध्यम भी है। यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति समय-समय पर रक्तदान करे, तो किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह एक ऐसा कार्य है जिसमें थोड़े से प्रयास से किसी के जीवन में नई आशा और जीवनदान दिया जा सकता है। किसी की जान केवल रक्त की कमी के कारण न जाए व जरूरत के समय हर व्यक्ति को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इसी भावना से रक्तदान शिविर जैसे पुण्यकार्य होते रहने चाहिए। रक्तदान एम्बेसडर व जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि एक महान सेवाकार्य व पुण्यकार्य भी है, जो किसी के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस सेवाकार्य के माध्यम से हम न केवल जरूरतमंद मनुष्य की सहायता कर सकते हैं, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दे सकते हैं। आज के समय में अनेक लोग दुर्घटनाओं, बीमारियों और आपात परिस्थितियों के कारण रक्त की आवश्यकता महसूस करते हैं, और ऐसे में यदि समय पर रक्त उपलब्ध न हो तो स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए यह हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम स्वेच्छा से रक्तदान कर मांग और आपूर्ति के अन्तर को कम करे और दोस्तो, परिवार और समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस कार्यक्रम में कथावाचक कन्हैयालाल पालीवाल प्रभुप्रेमी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष श्यामसिंह भाटी, क्षत्रीय सभा अध्यक्ष करणप्रतापसिंह सिसोदिया, पर्यावरणप्रेमी रामगोपाल बिश्नोई, रामरतन विश्नोई जियोलोजिस्ट म.प्र. सरकार, प्रेमरतन औझा आरजेएस, लक्ष्मण बिश्नोई आरजेएस, रामप्रताप बिश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, हनुमान बेनिवाल तहसीलदार, आनन्दसिंह राठौढ़ हनुमानगढ़, एड. रामनिवास बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई बैंक मैनेजर, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी रामचन्द्र खीचड़, मुरली गोदारा जिला सचिव, श्रीराम डेलू मण्डल अध्यक्ष, रामस्वरूप धारणीया, रिछपाल फौजी, सुभाष पंवार माडिया, सुभाष भाम्भू खारा, सुनिल भाम्भू, बृजलाल बेनिवाल, रामचन्द्र खीलेरी धरनोक सहित अनेक लोग सम्मलित हुए।

# मेडतानी बावड़ी के जीर्णोद्धार हेतु रू2.50 करोड़ का प्रस्ताव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

शहर की ऐतिहासिक धरोहर मेडतानी बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए 2.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बुधवार को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर के सहायक अभियंता अनिल मित्तल ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र चौधरी ने बावड़ी के संरक्षण और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्धार योजना में बावड़ी की सफाई, संरचनात्मक मजबूती, सौंदर्यीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि पीपली चौक के निकट स्थित यह बावड़ी लगभग 1780 ई. के आसपास निर्मित मानी जाती है और




ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित योजना के तहत कुल रू2.50 करोड़ की लागत से कार्य कराया जाएगा, जिसमें रू1.25 करोड़ पर्यटन विभाग द्वारा तथा शेष रू1.25 करोड़ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से व्यय किए जाएंगे। देवेंद्र चौधरी ने बताया कि इस परियोजना से न केवल ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# लखपति दीदियों को नवलगढ़ थाने में आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

स्वयं सहायता समूह की सदस्यों (लखपति दीदी) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस थाना नवलगढ़ परिसर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देवेन्द्र सिंह राजावत (आरपीएस), कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक जिला झुंझुनूं के निर्देशन तथा महावीर सिंह (आरपीएस), वृताधिकारी नवलगढ़ के मार्गदर्शन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लखपति दीदी एवं सुरक्षा सखियों को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। साथ ही वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सतर्क रहने के उपाय बताए गए। पुलिस टीम ने सभी प्रतिभागियों के मोबाइल फोन में राजकॉप सिटीजन ऐप




इंस्टॉल करवाया और उसके उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखें तथा सार्वजनिक वाई-फाई के उपयोग से बचें। संदिग्ध साइबर गतिविधि की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त बाल विवाह, यातायात नियम, नवीन कानूनों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। आपातकालीन परिस्थितियों में 112 नंबर पर कॉल करने तथा राजकॉप सिटीजन ऐप के 'हृद्धद्गस्र ॥द्गद्यश्च' फीचर के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लखपति दीदियों को जागरूक कर उन्हें वर्तमान समय में हो रहे अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए सक्षम बनाना रहा। इस अवसर पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट नवलगढ़ की टीम सुशीला (म.कानि 1017), पिंकी (म.कानि 432), सुनीता (म.कानि 289) एवं सुमन (म.कानि 904) उपस्थित रही।

# खेतड़ी को टूरिस्ट मैप में शामिल करने की मांग: प्रतिनिधिमंडल ने उपनिदेशक को सौंपी प्रमुख जगहों की फोटो

## रोजगार और इलाके के विकास की जताई उम्मीद

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**खेतड़ी ।** खेतड़ी क्षेत्र को राजस्थान के टूरिस्ट मैप में शामिल करने की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन विभाग के उपनिदेशक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने खेतड़ी के विकास और युवाओं के लिए रोजगार की संभावना जताई। डॉ. राघवेंद्र पाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने खेतड़ी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के चित्र भेंट किए। उन्होंने क्षेत्र के पर्यटन विकास की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने उपनिदेशक देवेंद्र सिंह चौधरी को भोपालगढ़ किला, अजीत विवेक राष्ट्रीय



संग्रहालय, बांशियाल खेतड़ी वन्यजीव अभयारण्य, शहीदी दरवाजा, पन्ना सागर तालाब, राणावत जी मंदिर और चूण्डावत जी मंदिर सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के चित्र सौंपे। डॉ. राघवेंद्र पाल ने बताया- खेतड़ी तत्कालीन राजपूताना में जयपुर के बाद एक प्रमुख रियासत थी। यहां अनेक ऐतिहासिक स्थल और सैकड़ों मंदिर हैं, जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं और बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता नहीं मिलने के कारण खेतड़ी में पर्याप्त संख्या में पर्यटक नहीं पहुंच पाते। यदि इसे पर्यटन मानचित्र से जोड़ा जाता है, तो क्षेत्र में पर्यटन विकास के साथ-साथ रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उपनिदेशक देवेंद्र सिंह चौधरी का अभिनंदन किया। उपनिदेशक ने मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदीप कुमार सुरोलिया, रामावतार वर्मा, चौथमल कुमावत, नरेश स्वामी, तरुण सुरोलिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## क्रिकेटर कुलदीप यादव का लखनऊ में रिसेप्शन में जडेजा-यशस्वी, धवन पहुंचे

- जय शाह, कोहली-धोनी समेत 900 मेहमानों होंगे शामिल

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव का मंगलवार को लखनऊ में रिसेप्शन हुआ। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह, टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, शिखर धवन, रवींद्र जडेजा समेत 900 से ज्यादा मेहमानों के शामिल होंगे। वीवीआईपी मेहमानों के लिए 4 चार्टर्ड प्लेन का इंतजाम किया गया है। राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की कई बड़ी हस्तियां भी रिसेप्शन में शामिल हो सकती हैं। परिवार के करीबियों ने बताया कि रिसेप्शन में कुलदीप की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी, बीसीसीआई और आईसीसी से जुड़े अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, क्रिकेटर रविंद्र जेडजा और यशस्वी जायसवाल लखनऊ आ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई वीवीआईपी मेहमानों को निमंत्रण दिया गया है। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। उत्तराखंड के मसूरी में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी हुई थी।

## केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर

- पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी; रहमान की जगह मुजरबानी को चुना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। केकेआर ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप शामिल हैं।

### प्रैक्टिस मैच में चोट लगी

हर्षित राणा घुटने की चोट के कारण भारत की टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। राणा ने आईपीएल 2024 में 19 और 2025 में 15 विकेट लिए थे। केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। केकेआर ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने केकेआर जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।
16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# करोड़ों में बिके हैं ये स्टार

**आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर रहेगी सबकी नजर**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है और इस बार कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी। ऑक्शन में कुछ खिलाड़ियों पर फेंचाइज़ियों ने करोड़ों की बोली लगाई है, जिससे उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। ये खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।



**कैमरून ग्रीन**

- **केकेआर का महंगा दांव–** कोलकाता नाइट राइडर्स ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदकर बड़ा निवेश किया है। वह एक बेहतरीन टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं, जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी भी कर सकते हैं। केकेआर उन्हें एक मैच विनर के तौर पर देख रही है, जो अकेले दम पर गेम बदल सकते हैं।

**पथिराना**

- **केकेआर का डेथ ओवर स्पेशलिस्ट–** मथेशा पथिराना को केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा, जो उनकी गेंदबाजी क्षमता को दर्शाता है। वह खासकर डेथ ओवर्स में अपनी यॉर्कर और अनोखे एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उनका प्रदर्शन केकेआर की गेंदबाजी को मजबूत बनाएगा।





**प्रशांत वीर सीएसके**

- **उभरता ऑलराउंडर–** चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदकर सबको चौंका दिया। कम बेस प्राइस के बावजूद इतनी बड़ी रकम मिलने से उनकी प्रतिभा साफ झलकती है। वह एक ऑलराउंडर के रूप में टीम को बैलेंस देते हैं और सीएसके उन्हें भविष्य के स्टार के रूप में देख रही है।

**आकिब नबी**

**दिल्ली कैपिटल्स की नई उम्मीद–** दिल्ली कैपिटल्स ने आकिब नबी पर 8.40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वह एक ऑलराउंडर हैं, जो गेंद और बल्ले दोनों से प्रभाव डाल सकते हैं। नबी की खासियत उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी है। डीसी को उनसे मिडिल ओवर्स में गेम बदलने की उम्मीद होगी।



**जेसन होल्डर**

**जीटी का अनुभवी हथियार–** गुजरात टाइटंस ने जेसन होल्डर को 7 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। वह एक अनुभवी ऑलराउंडर हैं, जिनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट



का बड़ा अनुभव है। उनकी गेंदबाजी और निचले क्रम की बल्लेबाजी त्रञ के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

**कूपर कॉनोली -पीबीकेएस का युवा दांव**

पंजाब किंग्स ने कूपर कॉनोली को 3 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह एक युवा ऑलराउंडर हैं, जिनमें भविष्य का बड़ा खिलाड़ी बनने की क्षमता है। कॉनोली अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी स्पिन गेंदबाजी से टीम को मजबूती दे सकते हैं। पीबीकेएस उन्हें एक लंबे समय के निवेश के रूप में देख रही है।

# ईशान कर सकते हैं SRH की कप्तानी

- कमिंस बैक इंजरी के कारण शुरुआती मैचों से बाहर; झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाई

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल 2026 की शुरुआत में टीम की कप्तानी कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कमिंस अभी बैक इंजरी से उबर रहे हैं और यह साफ नहीं है कि वे कब टीम से जुड़ेंगे। कमिंस को यह चोट 2025-26 एशेज सीरीज से पहले लगी थी। शुरुआत में माना जा रहा था कि वे पूरी सीरीज मिस करेंगे,लेकिन उन्होंने एक टेस्ट खेला और फिर दोबारा टीम से बाहर हो गए।हालांकि, ईशान को शुरुआती मैचों की कप्तानी सौंपे जाने को लेकर फ्रेंचाइजी की ओर से अभी कुछ नहीं कहा गया है।



- **ईशान किशन के पक्ष में गया कप्तानी का अनुभव–** ईशान किशन ने अपनी कप्तानी में झारखंड को पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। कप्तानी के साथ-साथ ईशान बल्ले से भी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 197.33 की स्ट्राइक रेट से सबसे ज्यादा 517 रन बनाए थे। इसी अनुभव के दम पर वे कप्तानी की रेस में अभिषेक शर्मा से आगे हैं। पिछले आईपीएल सीजन में ईशान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा था। उन्होंने टीम के लिए पहले मैच में शतक लगाया था।

# नंगे पैर खेलने से 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' तक

- एशियन कप फुटबॉल में 30 गज से गोल दागकर चर्चा में आईं पंजाब की मनीषा कल्याण

**सिडनी (एजेंसी)।** 2026 विमंस एशियन कप के मैच में भारतीय टीम चीनी ताइपे से 1-0 से पीछे थी। 39वें मिनट में भारत को गोल से 30 गज की दूरी पर फ्री-किक मिली। सामने सफेद जर्सी में चार डिफेंडर दीवार बनकर खड़ी थीं। ऐसे में 24 वर्षीय मनीषा कल्याण एक पल के लिए रुकीं और अपने बाएं पैर से एक ऐसा करारा शॉट दागा कि गेंद क्रॉसबार के निचले हिस्से से टकराकर सीधे गोल लाइन के पार चली गई। वीएआर ने गोल की पुष्टि की और कमेंटेटर ने इसे देखते ही 'गोल ऑफ द टूर्नामेंट' करार दिया। भले ही भारतीय टीम यह मैच 1-3 से हारकर ग्रुप में सबसे नीचे रही, लेकिन पंजाब के होशियारपुर की इस बेटी ने दुनिया को भारतीय फुटबॉल की एक उजली तस्वीर जरूर दिखा दी।

यह सिर्फ एक गोल की नहीं, बल्कि उस लड़की की कहानी है जिसके नसीब में कभी खेल के जूते नहीं थे। आठ साल पहले पंजाब के मुग्गोवाल गांव के एक सरकारी स्कूल में पीटी टीचर ब्रह्मजीत सिंह



ने एक लड़की को लड़कों के साथ नंगे पैर खेलते देखा। वह बेखौफ गोल दाग रही थी। मनीषा के पिता नरेंद्रपाल सिंह की गांव में एक छोटी सी कॉस्मेटिक की दुकान थी। वह अपनी चार बेटियों को सिर्फ पढ़ाना चाहते थे; उनके पास स्पोर्ट्स शूज और ट्रेनिंग के पैसे नहीं थे।

**व्यापार**

## सोने-चांदी को लेकर क्या करें निवेशक सोने की कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़े भू-राजनीतिक जोखिमों और डॉलर में आई उतार-चढ़ाव ने इस कीमती धातु की मांग को बढ़ा दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के अप्रैल वायदा अनुबंध में आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई और यह 1,56,740 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी के मई वायदा में भी मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 1 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगी और यह 2,59,569 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया। सिंगापुर में सुबह स्पॉट गोल्ड 5,005.54 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर रहा। चांदी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 80.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। पिछले सत्र में इसमें 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, तेल की कीमतों में सोमवार को गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी देखी गई। इस साल सोने की कीमतों में अब तक करीब 16 प्रतिशत की तेजी आई है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं, जिससे निवेशक महंगाई बढ़ने और आर्थिक विकास पर असर पड़ने की आशंका को लेकर चिंतित हैं। तेल की ऊंची कीमतें सीधे तौर पर महंगाई बढ़ाने का काम करती हैं, जिससे सोना एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 मार्च को होने वाली नीतिगत बैठक से पहले अमेरिकी डॉलर में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच उम्मीद जताई जा रही है कि अमेरिकी फेड इस बार ब्याज दरों में बदलाव नहीं करेगा।

## 31 मार्च तक निपटा लें 7 जरूरी काम, वरना डेड लाइन चूकने पर होगा बहुत नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च तक कई वित्तीय काम निपटाने जरूरी हैं। इस डेड लाइन को चूकने पर बड़े आर्थिक झटके का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पीपीएफ, इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा कराने, संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य निपटाना भी जरूरी है।

31 मार्च तक कई वित्तीय काम निपटाने जरूरी हैं। इस डेड लाइन को चूकने पर बड़े आर्थिक झटके का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा पीपीएफ, निवेश के प्रूफ जमा कराने, संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य निपटाना भी जरूरी है। वर्तमान में दो प्रकार की टैक्स रिजीम काम कर रही हैं-पुरानी और नई इनकम टैक्स व्यवस्था। अगर टैक्सपेयर या संयुक्त हिन्दु परिवार यानी एचयूएफ पुरानी इनकम टैक्स व्यवस्था चुनता है तो वह इनकम टैक्स अधिनियम के तहत अलग-अलग धाराओं जैसे 80सी, 80डी, 80टीटीबी, 80ई, 80जी आदि के अंतर्गत विभिन्न कटौतियों




का फायदा लेकर अपनी टैक्स देनदारी घटा सकता है। पुरानी इनकम टैक्स व्यवस्था चुनने वालों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 31 मार्च से पहले कर से जुड़ी बचत और निवेश का काम पूरा करना जरूरी है। पीपीएफ और सुकन्या समृद्धि योजना खाते को सक्रिय रखने के लिए वित्त वर्ष में निश्चित न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। पीपीएफ के लिए न्यूनतम राशि 500 रुपये और सुकन्या समृद्धि खाते के लिए 250 रुपये है। 12 महीने में एक बार यह राशि जमा करना जरूरी होता है। जिन कर्मचारियों ने अपने दफ्तर में वित्त वर्ष की शुरुआत में कर बचाने वाले निवेश की जानकारी दी थी, उन्हें नियत तारीख से पहले नियोक्ता को उससे जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य जमा करने होंगे। इससे चूकने पर नियोक्ता वेतन से ज्यादा टीडीएस कटौती कर सकता है। जिन लोगों ने होम लोन लिया है, उन्हें अपने बैंक से स्टेटमेंट या ब्याज का प्रमाणपत्र डाउनलोड कर लेना चाहिए। इनकम टैक्स कानून के तहत, करदाता होम लोन के ब्याज पर दो लाख रुपये तक की कटौती का दावा कर सकते हैं।

## शार्क अनुपम मित्तल के निवेश वाली कंपनी का आएगा आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। मार्केट को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी ने तीन कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इन तीन कंपनियों एक भी है। इस कंपनी में गोल्डमैन स्कैस और शार्क अनुपम मित्तल की कंपनी शादी डॉट कॉम ने पैसा लगाया है। मार्केट को रेगुलेट करने वाली संस्था सेबी ने तीन कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। इस कंपनी में गोल्डमैन स्कैस और शार्क अनुपम मित्तल की कंपनी शादी डॉट कॉम ने पैसा लगाया है। बता दें, तीन ऐसी कंपनियां भी हैं जिन्होंने बाजार की मौजूदा स्थिति को देखने हुए आईपीओ को वापस लेने का फैसला किया है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस कंपनी के आईपीओ पर निवेशकों की निगाह रहेगी। कंपनी फ्रेश इश्यू के जरिए 250 करोड़ रुपये जुटाती हुई नजर आ सकती है। वहीं, कंपनी के मौजूदा प्रमोटर्स आईपीओ के जरिए 26.85 करोड़ शेयर बेचने की तैयारी में हैं। ऑफर फार सेल के जरिए प्रमोटर्स वैभव अग्रवाल और आदर्श मनपुरिया अपने हिस्से के शेयरों को बेच रहे हैं। इसके अलावा अनुपम मित्तल, अपने हिस्सेदारी के शेयर बेचते नजर आएंगे। आईपीओ लाने की मंजूरी सेबी ने दे दी है।

## युद्ध का असर: संकट में भारतीय एयरलाइंस और हल्की हो रही हवाई यात्रियों की जेब

**भारतीय एयरलाइंस का भविष्य खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू विमान उद्योग पहले से ही भारत-पाक संघर्ष, एयर इंडिया विमान दुर्घटना और इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के संकट से जूझ रहा था। अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध भारतीय एयरलाइंस को बड़े घाटे की ओर ले जा रहा है। भारतीय एयरलाइंस का भविष्य खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है, क्योंकि भारत के कुल अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का 51 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ खाड़ी देशों (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई) से आता है। पेश है भारतीय एयरलाइंस की मुश्किलों पर पड़ने वाले प्रभावों पर मंजुल पॉल की रिपोर्ट। तनाव और संघर्ष का असर हवाई यात्रियों की जेब पर दिखने लगा है। इंडिगो, एयर इंडिया और अकासा एयर ने पहले 199 से 2,300 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद है। ऐसे में पश्चिम एशिया के वैकल्पिक रास्तों में बाधा आने से यात्रा का समय और ईंधन की लागत दोनों बढ़ गए हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट किंजल शाह ने बताया कि पश्चिम एशिया के लिए होने वाला परिचालन भारतीय विमानन उद्योग के कुल राजस्व का 15-20 फीसदी हिस्सा है। आंकड़ों से पता चलता है कि मुख्य भारतीय एयरलाइंस को वित्त वर्ष 2025 में कुल 4,600 करोड़ का नुकसान हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान स्थिति और भी खराब थी, जब एयरलाइंस को मुख्य रूप से एटीएफ की ऊंची कीमतों और रुपये के अवमूल्यन के कारण लगभग 20 हजार करोड़ का भारी नुकसान हुआ था। वर्ष 2025 में भारत के अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात का विवरण (प्रतिशत में) खाड़ी देश - 51 फीसदी अन्य 48 प्रतिशत तीन देश - 1 फीसदी (इसमें अजरबैजान, जॉर्डन और तुर्किये शामिल) टॉप-7 अंतरराष्ट्रीय रूट में पांच संघर्षरत गत 14-28 मार्च के दौरान 3,288 अंतराष्ट्रीय विमानों के




शेड्यूल विश्लेषण से पता चलता है कि इंडियन एयरलाइंस के अंतरराष्ट्रीय बिजनेस पर बहुत ज्यादा दबाव है। शीर्ष सात इंटरनेशनल रूट में से पांच दुबई, अबू धाबी और शारजाह, दोहा और जेद्दा संघर्षग्रस्त हैं। इन्हीं रूट पर इंडियन एयरलाइंस की 1,303 फ्लाइट्स या कुल इंटरनेशनल फ्लाइट्स का 40 फीसदी हिस्सा ऑपरेट होता है। एयरलाइन-वार एनालिसिस से पता चलता है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट की लगभग 90 फीसदी फ्लाइट्स पश्चिम एशिया से आने-जाने के लिए शेड्यूल थीं, जबकि एयर इंडिया और इंडिगो के लिए यह हिस्सा 22-51 फीसदी था। पिछले साल 11 दिसंबर को संसद में शीर्ष पांच सरकारी और निजी एयरलाइंस के बारे में साझा डेटा से पता चलता है कि मुख्य भारतीय एयरलाइंस (एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर, इंडिगो और स्पाइसजेट) को वित्त वर्ष 2025 में कुल 4,600 करोड़ का नुकसान हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान स्थिति और भी खराब थी। जब एयरलाइंस को मुख्य रूप से एटीएफ की ऊंची कीमतों और रुपये के अवमूल्यन के कारण लगभग 20 हजार करोड़ का भारी नुकसान हुआ था।



## एक महीने के अंदर दो फिल्में ला रही

# शरवरी वाघ

## एक पिक्चर में बॉबी देओल भी दिखेंगे

शरवरी वाघ बॉलीवुड की एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने काफी समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए खास जगह बनाई है. आज वो काफी पॉपुलर हैं. उन्होंने साल 2020 में आई सीरीज 'द फॉरगॉटेन आर्मी' के जरिए अपना करियर शुरू किया था. उसके अगले साल ही उन्होंने 'बंटी और बबली 2' से फिल्मी डेब्यू किया था. अब वो बॉलीवुड का एक बड़ा नाम बन चुकी हैं. उनके पास काम की कोई नहीं है. अभी शरवरी के पास दो ऐसी फिल्मे हैं, जो एक महीने के अंदर ही रिलीज होने जा रही हैं. चलिए उन दोनों फिल्मों के बारे में जानते हैं.

पहला नाम है 'मैं वापस आऊंगा' फिल्म का, जिसे इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है. शरवरी के साथ दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं. ये एक रोमांटिक फिल्म है, जिसमें प्यार है, बिछड़ने का दर्द है और यादें हैं. 13 मार्च को मेकर्स ने इस फिल्म का एक टीजर वीडियो जारी किया, जिसे लोग पसंद कर रहे हैं. ये फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.



**'अल्फा' रिलीज डेट**

दूसरी फिल्म है 'अल्फा', जो कि 'मैं वापस आऊंगा' के 28 दिनों के बाद 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. ये फिल्म YRF स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है. पहले ये फिल्म पिछले साल दिसंबर में ही रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर बाद में इस फिल्म को इस साल 17 अप्रैल को लाने का फैसला किया गया. हालांकि, इस डेट से भी फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया. अब ये फिल्म जुलाई में आ रही है.

**ये सितारे भी 'अल्फा' का हिस्सा**

शिव रवैल के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में शरवरी के साथ आलिया भट्ट भी नजर आने वाली हैं. बॉबी देओल और अनिल कपूर भी 'अल्फा' में अहम रोल में दिखने वाले हैं. इस फिल्म में शरवरी एक्शन अवतार में दिखेंगी. वो जब भी किसी फिल्म में नजर आती हैं तो अपने काम से लोगों का दिल जीत लेती है. लोगों को उनकी एक्टिंग काफी पसंद आती है. ऐसे में अब देखना होगा कि इन दो फिल्मों के जरिए वो कैसा कमाल दिखाती हैं.

## धुरंधर 2 का बड़ा लीक!

# यामी गौतम

## के कैमियो को लेकर मिला हिंट, पता चला कैसा होगा किरदार



रणवीर सिंह की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'धुरंधर- द रिवेंज' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में है. फिल्म के ट्रेलर और एक्शन सीक्वेंस को लेकर पहले ही फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है, लेकिन अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक लीक स्क्रीनशॉट ने लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ा दी है. जिसके बाद से दावा किया जा रहा है कि फिल्म में एक बड़ा सरप्राइज कैमियो हो सकता है, जिसमें यामी गौतम नजर आने वाली हैं और इसके साथ ही उनके किरदार के बारे में भी चर्चा हो रही है.

19 मार्च को सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है, फिल्म के लिए लोगों के एक्साइटमेंट बढ़ती जा रही है. फिल्म को लेकर लंबे वक्त से चर्चा हो रही है और काफी टाइम से खबर भी सामने आ रही है कि फिल्म में यामी गौतम भी शामिल होंगी. अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक यूजर ने फिल्म के एंड क्रेडिट्स का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है. इस स्क्रीनशॉट में YG नाम के शुरुआती अक्षर दिखाई दे रहे हैं, जिसे लेकर फैंस का मानना है कि यह यामी गौतम की ओर इशारा हो सकता है.

**यामी के किरदार का खुलासा**




जैसे ही यह तस्वीर वायरल हुई, इंटरनेट पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया और लोग ये अंदाजा लगाने लगे कि क्या वाकई यामी फिल्म का हिस्सा हैं. इतना ही नहीं YG के आगे डॉक्टर भी लिखा हुआ है. अगर ये खबर सही साबित होती है तो यामी गौतम फिल्म में डॉक्टर के किरदार में दिखाई दे सकती हैं. बताया जा रहा है कि उनका सीन एक अस्पताल से जुड़े अहम सीक्वेंस में होगा, जो फिल्म की कहानी में बड़ा मोड़ ला सकता है. इस सीन को कथित तौर पर कहानी का इमोशनल और रणनीतिक टर्निंग पॉइंट बताया जा रहा है.

**ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं**

हालांकि, अभी तक फिल्म के मेकर्स या स्टारकास्ट की तरफ से इस खबर की कोई ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं दी गई है. इसलिए फिलहाल इसे सिर्फ एक अफवाह या लीक माना जा रहा है. कई रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि फिल्म में कुछ और सरप्राइज कैमियो भी हो सकते हैं, जिससे कहानी और भी रोमांचक बन सकती है. आदित्य धर की डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी का दूसरा भाग है. पहला पार्ट दिसंबर 2025 में रिलीज हुआ था और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की थी.

## क्या सच में सेट पर लेट आया करते थे गोविंदा? साथ में 17 फिल्में करने वाले डेविड धवन ने क्या बताया?




गोविंदा आज के समय में भले ही फिल्मों से दूर चल रहे हैं, लेकिन एक वक्त था जब उनके पास काम की कोई कमी नहीं थी. 80 और 90 के दौर में उन्होंने बॉलीवुड को ढेरों बेहतरीन फिल्में दी थीं, जिनके जरिए वो आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं. उन्हें हीरो नंबर- 1 कहा जाता था. हालांकि, देखते ही देखते वो फिल्मों से दूर होते चले गए. जब गोविंदा का डाउनफॉल आया तो उनके बारे में ऐसी बातें हुईं कि गोविंदा सेट पर लेट आया करते थे, इसका असर भी उनके करियर पर पड़ा. लेकिन क्या सच में गोविंदा सेट पर लेट आया करते थे? इस बारे में डायरेक्टर डेविड धवन ने बात की है.

एक समय पर डेविड धवन और गोविंदा की जोड़ी बॉलीवुड की पॉपुलर एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी थी. दोनों ने एक साथ 17 फिल्में की हैं और हर एक फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी. हाल ही में डेविड धवन अपने बेटे वरुण धवन के साथ कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में पहुंचे. उस दौरान डेविड धवन ने गोविंदा की काफी तारीफ की और जो उनके बारे में लेट आने वाली बातें होती हैं, उसको लेकर उन्होंने गोविंदा का सपोर्ट किया.

**डेविड धवन ने क्या बताया ?**

डेविड धवन ने कहा कि मैंने गोविंदा के साथ 17 फिल्मों में काम किया है. मेरा मानना है कि गोविंदा काफी अच्छे एक्टर हैं, जिनके साथ मैंने काम किया. उनकी बात सुनकर वरुण धवन ने कहा कि अब जो भी सीन लिखे जाते हैं उसमें उन्हें (डेविड धवन) गोविंदा की याद आती है.

**लेट पर आने पर क्या बोले ?**

डेविड धवन ने ये भी कहा, मैं बताना चाहता हूं कि लोग बोलते हैं कि सेट पर लेट आता है. आज कौन नहीं लेट आता है. लेट आना छोड़िए, वो आता है और अपना काम खत्म करके जाता है. आगे डेविड धवन ने 'पार्टनर' फिल्म से जुड़ा एक किस्सा सुनाया. उन्होंने बताया कि गोविंदा सेट पर आए, उन्होंने सीन के बारे में पूछा, जो कि चार पेज का था. उन्होंने सीन सेटअप करने से मना कर दिया और कहा कि कुछ भी सेट मत करो. मैं इस सीन को एक टेक में कर दूंगा.

## 2 एक्स वाइफ, 3 बच्चे और गर्लफ्रेंड...61 के हुए आमिर खान, इरफान पठान ने शेयर किया Inside वीडियो




बॉलीवुड में मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले सुपरस्टार आमिर खान ने बीते रोज़ यानी 14 मार्च को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया. वो 61 साल के हो गए. इस मौके पर आमिर ने किसी बड़े जश्न का आयोजन तो नहीं किया, लेकिन अपनी पूरी फैमिली और कुछ करीबी दोस्तों के साथ मिलकर जन्मदिन का जश्न मनाया. आमिर के इस इंटिमेट बर्थडे सेलिब्रेशन का हिस्सा टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान भी बने. इरफान ने ही आमिर के बर्थडे का एक इनसाइड वीडियो भी शेयर किया है.

इरफान पठान ने जो बर्थडे वीडियो शेयर किया है, उसे आमिर के दामाद यानी आयरा खान के पति नुपुर शिखरे ने शूट किया है. इरफान ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आमिर भाई को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. साथ ही ये देखकर अच्छा लगा कि आयरा अपने अगत्सू फाउंडेशन के जरिए असरदार काम कर रही हैं, जागरूकता फैला रही हैं और मेंटल हेल्थ को सपोर्ट कर रही हैं.इस पार्टी में इरफान की पत्नी सफा बेग भी पहुंचीं थीं. इरफान ने भी आमिर खान को केक खिलाया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते नज़र आए.

**बर्थडे पार्टी में पहुंचा पूरा परिवार**

आमिर खान के 61 साल के होने की खुशी पूरे परिवार ने साथ मनाई. आमिर के बर्थडे में उनकी दोनों एक्स वाइफ रीना दत्ता और किरण राव साथ नज़र आईं. इनके अलावा आमिर की गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट भी पार्टी का हिस्सा बनीं. आमिर के तीनों बच्चे आजाद खान राव, आयरा खान और जुनैद खान भी पापा के बर्थडे में खूब खुश नज़र आए.

**वर्कफ्रंट पर आमिर खान**

आमिर खान इन दिनों अपने बेटे जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का प्रमोशन करते दिखाई दे रहे हैं. हाल ही में उन्होंने मुंबई में फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया. इसके अलावा आमिर अपने प्रोडक्शन हाउस की फिल्म लाहौर 1947 को लेकर भी सुर्खियों में हैं. इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं. आमिर भी इसमें कैमियो करते दिखाई देने वाले हैं. फिल्म इसी साल 15 अगस्त के मौके पर रिलीज़ होगी.

# केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलने पहुंचे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा

## बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल भी रहा साथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में बुधवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और औद्योगिक बैठक देखने को मिली, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा अचानक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलने संसद भवन पहुंचे।

दरअसल, राजस्थान से बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर बुधवार की सुबह राहुल गांधी से मिलने आया था। राजस्थान से आए इस डेलिगेशन ने व्यापार से जुड़ी नीतिगत चुनौतियों, नए नियमों के कारण बढ़ती कठिनाइयों और उद्योग पर पड़ रहे प्रभाव को विस्तार से बताया।

प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल पहल की और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ उन्हें लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान उद्योग से जुड़े मुद्दों को सीधे संबंधित मंत्री के सामने रखने का प्रयास किया गया, ताकि समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

बैठक हालांकि कुछ ही मिनटों तक चली, लेकिन इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बस और ट्रक बॉडी निर्माण उद्योग पर नए नियमों के प्रभाव, नीतिगत बदलावों की आवश्यकता और कारोबार में आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों के अनुसार, डेलिगेशन ने केंद्र सरकार से नियमों में राहत और स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की है, जिससे उद्योग को स्थिरता मिल सके। वहीं, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भी समस्याओं को सुनकर उन्हें सकारात्मक रूप से देखने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात को उद्योग और राजनीति के बीच समन्वय के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां जनप्रतिनिधियों ने सीधे तौर पर व्यापारिक समुदाय की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम किया। आने वाले समय में इस बैठक के परिणामस्वरूप नीतिगत स्तर पर कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## सांसद टी राजा सिंह को फिर मिली जान से मरने की धमकी



हैदराबाद (एजेंसी)। गोशामहल विधानसभा के सांसद टी राजा सिंह को बुधवार को उनके आवास पर एक अज्ञात प्रेषक से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था कि राजा सिंह, 27 मार्च को आपकी आखिरी रामनवमी होगी। तेलंगाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। जनवरी में भी बीजेपी सांसद सिंह को इसी तरह का एक पत्र मिला था, जो कथित तौर पर अब्दुल हाफिज नाम के एक व्यक्ति ने भेजा था। पत्र में अपशब्दों का प्रयोग किया गया था और दावा किया गया था कि पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। बीजेपी नेता सिंह ने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त और मुख्यमंत्री से बार-बार मिल रही धमकियों के पीछे के व्यक्ति की पहचान करने की अपील की है। सांसद सिंह ने हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार को पत्र लिखकर आगामी राम नवमी जुलूस के लिए पुलिस सुरक्षा देने से इंकार कर दिया। उन्होंने सुरक्षा से इंकार करने के कारणों के रूप में बार-बार उत्पीड़न, लाठीचार्ज और पिछले वर्ष के आयोजन के दौरान टास्क फोर्स कर्मियों द्वारा बल प्रयोग का हवाला दिया। सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में, सुरक्षा के बहाने तैनात पुलिसकर्मियों ने जुलूस को बाधित किया और कई बार श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज भी किया। उन्होंने अनीता टावर्स, पुराना पुल, बेगम बाजार छतरी और सिद्दीअंबर बाजार मस्जिद के पास हुई घटनाओं का जिक्र किया, जिनसे श्रद्धालुओं में भय और तनाव का माहौल बना।

## फ्लाइट में जज को परोसा फंगस लगा खाना, विरोध करने पर एयरलाइन क्रू ने की अभद्रता

लखनऊ (एजेंसी)। दिल्ली से लखनऊ आ रहे एक विमान में न्यायिक अधिकारी (जज) के साथ अभद्रता और दूषित भोजन परोसने का गंभीर मामला सामने आया है। अमरोहा में तैनात जज प्रशांत कुमार ने एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स और कस्टमर सर्विस इंचार्ज के खिलाफ सरोजिनी नगर थाने में एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विमान में उन्हें जो भोजन दिया गया, उसमें स्पष्ट रूप से फंगस लगा हुआ था और विरोध करने पर कर्मचारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। घटनाक्रम के अनुसार, जज प्रशांत कुमार बीती 16 मार्च 2026 को एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 1720 से दिल्ली से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान जब उन्हें भोजन परोसा गया, तो वह सड़ा हुआ था। जज का कहना है कि इस प्रकार का असुरक्षित भोजन यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। जब उन्होंने इस गंभीर लापरवाही की शिकायत केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति से की, तो उन्होंने समस्या का समाधान करने के बजाय उनके साथ अनुचित और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विमान के लखनऊ लैंड होने के बाद भी विवाद थमा नहीं। आरोप है कि एयरलाइन के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सुफ्यिान ने भी जज के साथ बदसलूकी की और उन्हें साक्ष्य के तौर पर फंगस लगा हुआ खाना फ्लाइट से बाहर ले जाने से जबरन रोक दिया। एनसीआर में जज ने मांग की है कि यात्रियों को दूषित भोजन परोसना और शिकायत करने पर उनके अधिकारों का हनन करना एक गंभीर अपराध है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर गहन जांच करने और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जिससे विमान सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा और खान-पान की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## भारत का बड़ा दांव : रुस से तेल लेकर चीन जा रहा टैंकर... अचानक से भारत की ओर चल दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका-इजरायल में बीच छिड़े युद्ध के बाद तेल की संकट ने पूरी दुनिया को अपने गिरफ्त में ले लिया है। इस संकट के बीच भारत का दम दुनिया भर में दिख रहा है। बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट से भारत के दो जहाज सही सलामत गैस लेकर गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचे थे। अब भारत ने एक और बड़ा दांव चल दिया है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में एक रूसी तेल से लदा टैंकर अचानक मुड़ गया। यह मूल रूप से चीन के रिजाओ बंदरगाह की ओर बढ़ रहा था, लेकिन अब तेजी से भारत की ओर आ रहा है। गौरतलब है कि भारत ने मौजूदा स्थिति में रूस से तेल आयात बढ़ाने का फैसला किया है। यह बदलाव ईरान में चल रही जंग के कारण मध्य पूर्व से तेल सप्लाई रुकने के बाद भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए हुआ है। एक रिपोर्ट में बताया गया हैं कि बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से जनवरी के अंत में उराल्स क्रूड ऑयल लोड करके निकला था। शुरू में इसका डेस्टिनेशन चीन का रिजाओ पोर्ट था। लेकिन मार्च के मध्य में दक्षिण-पूर्व एशियाई पानी में पहुंचते ही टैंकर ने यू-टर्न ले लिया। अब यह 21 मार्च को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंचने वाला है। डेटा के मुताबिक, अमेरिका ने भारत को रूसी तेल की खरीदारी अस्थायी रूप से बढ़ाने की छूट दी, ठीक उसी के कुछ दिन बाद यह बदलाव हुआ। इससे पहले भारत ने रूसी तेल कम खरीदना शुरू कर दिया था, जिससे कई कार्गो चीन की ओर चले गए थे। अब स्थिति बदल गई है।

## गाजियाबाद मेयर का विवादित बयान...घरों में अधिक कार होने से बढ़ा रहा सड़कों पर ट्रैफिक

गाजियाबाद (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद जिले में ट्रैफिक जाम को लेकर मेयर सुनीता दयाल का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या का मुख्य कारण लोगों के बढ़ते जीवन स्तर और घरों में अधिक कारें होना है। मेयर ने बताया कि पहले एक घर में एक ही गाड़ी होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं, इसकारण सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों का चौड़ीकरण केवल उपलब्ध जगह के अनुसार ही संभव है और लोगों के मकान तोड़कर सड़क बढ़ाना असंभव है। हालांकि, स्थानीय लोग तर्क से असहमत होकर कहते हैं कि शहर की कई मुख्य सड़कें अतिक्रमण की वजह से संकरी हो गई हैं। फुटपाथों और सड़कों के किनारे अवैध कब्जे ट्रैफिक को और बाधित करते हैं। उनका कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारना और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन, नगर निगम और विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। केवल लोगों के बढ़ते वाहन को दोष देना समस्या के वास्तविक कारणों से ध्यान हटाने जैसा है। शहर में रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। नोएडा में काम करने वाले लोग नेशनल हाईवे-9 पर जाम का सामना करते हैं, जबकि मोहननगर मार्ग से दिल्ली जाने वाले लोग जीटी रोड पर लंबी कतारों में फंसते हैं। कार्यक्रम में हाउस टैक्स पर पूछे गए सवाल पर मेयर ने कहा कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स लागू नहीं किया जाएगा और नगर निगम अधिकारियों को बढ़ी हुई दर पर बिल जारी करने से रोका गया है। बावजूद इसके, कई जगहों पर पहले ही बढ़ी हुई दर के बिल जारी किए जा चुके हैं। इस बयान ने गाजियाबाद में ट्रैफिक प्रबंधन और अतिक्रमण पर बहस को और तेज कर दिया है।

## मुजफ्फरपुर में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प, एक ग्रामीण की मौत, कई पुलिस वाले घायल

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के असिया गांव में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई। घटना तब हुई जब पुलिस पॉक्सो एक्ट के आरोपी भिखारी राय और अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान आरोपी पक्ष ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया, जिसके बाद पुलिस टीम पर पथराव किया गया और कथित रूप से फायरिंग भी की गई। स्थिति बिगड़ने पर गायघाट थानाध्यक्ष राजा सिंह ने आत्मरक्षा में गोली चलाने की बात कही है। इस घटना में ग्रामीण जगतवीर राय की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि थानाध्यक्ष, अपर थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है। झड़प के दौरान पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर सीधा आरोप लगाया है कि जगतवीर राय को नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है।

## क्या गंगा नदी में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते... अखिलेश ने उठाए सवाल



### -5-स्टार जहाज को लेकर योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** काशी में गंगा नदी में नाव पर रोजा इफ्तार करने वाले मुस्लिम युवकों की गिरफ्तारी पर सियासत शुरू हो चुकी है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पूछा है कि क्या गंगा में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते? डीएम, एसपी और एसओ को इफ्तारी देनी चाहिए थी। हथेली गरम....तब पुलिस नरम। उन लोगों ने हथेली गरम नहीं की होगी, इसकारण उन पर कार्रवाई हुई। इस दौरान अखिलेश का इशारा रिश्वत की तरफ था।

वहीं कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भी योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस कानून के दुरुपयोग का कीर्तिमान बनाना चाहती है। उन्होंने लिखा कि पुलिस मुसलमानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए उतावली दिख रही है। युवाओं का एक समूह नाव में बैठकर इफ्तार कर रहा था। बस इतने से किसी छुटभैये नेता की भावना आहत हो गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने 14 युवाओं को गिरफ्तार कर लिया। नरेन्द्र मोदी जी क्या यही है सबका साथ, सबका विकास का नारा। जिसमें मुसलमानों के नमाज पढ़ने और इफ्तार करने पर मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि गंगा की पवित्रता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। दरअसल, बनारस में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी हुई थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 14 मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया था। लखनऊ में इफ्तार पार्टी में पहुंचे अखिलेश ने कहा कि ये सब हमारे-आपके बीच में दूरियां पैदा करने के लिए किया जा रहा है। प्रशासन ऐसी कार्रवाई कर यूपी सरकार को खुश करने के लिए कर रहा। एक 5-स्टार जहाज चला था। उसमें महंगी-महंगी शराब थी। उसके टॉयलेट का वेस्ट गंगा में जा रहा था। उस जहाज के मालिक पर क्या कार्रवाई हुई? उस समय जो गड्ढे खोदकर छोड़ गए थे, उसकी गंदगी गंगा में पहुंची। उस पर क्या एक्शन हुआ?

# उत्तराखंड में धामी सरकार 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना में



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में धामी सरकार राज्यभर में 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। करीब 160.75 किलोमीटर लंबे इस मास्टरप्लान के तहत पहाड़ों के कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों को रोपवे से जोड़ने की तैयारी है। इन 51 में से 2 रोपवे प्रोजेक्ट्स पर फिलहाल काम तेजी से काम हो रहा है, जबकि केदारनाथ और हेमकुंड साहिब सहित 4 मेगा रोपवे प्रोजेक्ट्स पर जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी है। इसके अलावा कई अन्य रोपवे प्रोजेक्ट्स फिलहाल डीपीआर और प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के चरण में हैं, जिन पर उत्तराखंड रोपवे डेवलपमेंट लिमिटेड (यूआरडीएल) के जरिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। प्रस्तावित नेटवर्क में सबसे ज्यादा रोपवे पौड़ी जिले में बनने का प्लान है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक दीपक खंडूरी के मुताबिक रोपवे उन स्थानों तक पहुंच का बेहतर विकल्प हैं जहां सड़क बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स से तीर्थ यात्रियों की यात्रा आसान होगी और लोकल स्तर पर पर्यटन व रोजगार के नए अवसर भी बढ़ने है। उन्होंने बताया कि देहरादून के पुरकुल से मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक बनने वाला यह रोपवे राज्य के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में शामिल है। करीब 285 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण हो रहा है। परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें 10 यात्रियों की क्षमता वाले 71 केबिन लगाए जाएंगे और देहरादून से मसूरी तक का सफर करीब 20 मिनट में पूरा होगा। इस साल के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं चंपावत जिले में पूर्णागिरी मंदिर तक पहुंच आसान बनाने के लिए यह रोपवे बनाया जा रहा है। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना का निर्माण कार्य जारी है। इस 30 मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक खंडूरी ने इन परियोजनाओं के दूरगामी फायदों पर प्रकाश डाला है। उनके अनुसार रोपवे के माध्यम से उन दुर्गम पहाड़ियों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा, जहां सड़क मार्ग बनाना भौगोलिक और पर्यावरणीय दृष्टि से कठिन है। केदारनाथ, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब जैसे कठिन ट्रेक वाले स्थानों पर बुजुर्गों और बीमार यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा। पहाड़ों पर वाहनों के धुएं से प्रदूषण बढ़ रहा है।

## त्यागी के इस्तीफे पर राजद सांसद का दावा...देखते जाइए जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक ओर राज्यसभा जा रहे हैं। दूसरी ओर उनके पुराने साथ रहे केसी त्यागी ने भी जेडीयू का साथ छोड़ दिया है। 22 मार्च को वे बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा करने वाले है। इस बीच आरजेडी के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। बीते दिनों सांसद यादव जहानाबाद में विधायक राहुल कुमार की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में पहुंचे थे। जहां उन्होंने कहा कि त्यागी उम्र और रिश्ते में बड़े हैं, इसलिए उनका सम्मान करते हैं, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली है। आरजेडी सांसद ने दावा कर कहा कि थोड़ा इंतजार कर लीजिए, जेडीयू में भगदड़ मचेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तब मैं खुद सांसद पद से इस्तीफा देकर राजनीति भी छोड़ दूंगा। सांसद यादव ने कहा कि एनडीए के 25 साल के शासन के बावजूद बिहार में आज भी असली जंगलराज बरकरार है। यह डर पैदा करने वालों का राज है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग जंगलराज के नाम पर ही चुनाव जीतने की रणनीति बना चुके हैं। जनता को गुमराह कर रहे हैं। आरजेडी सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र में 11 साल से सरकार होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक प्रेसवार्ता क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जनता के बीच आकर सीधे सवालों का जवाब देना चाहिए।

## कांशीराम को भारत रत्न की मांग पर गरमाई यूपी की सियासत, मायावती ने कांग्रेस-सपा को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के इर्द-गिर्द सिमटती नजर आ रही है। आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच दलित मतों को साधने की होड़ में विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। हाल ही में 15 मार्च को कांशीराम की 93वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की, जिसने राज्य के सियासी पारे को बढ़ा दिया है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दलितों के उत्थान में कांशीराम के योगदान को रेखांकित किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने का आग्रह किया। हालांकि, कांग्रेस की इस पहल पर बसपा प्रमुख मायावती ने कड़ी आपत्ति जताई है। मायावती ने राहुल गांधी की मांग को बेतुका करार देते हुए कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने कांशीराम को सम्मानित क्यों नहीं किया? उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को दलित विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि ये दल केवल चुनावों के वक्त बहुजन नायकों को याद करते हैं।

मायावती ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस के पास अब अपने कोई महान नेता नहीं बचे हैं, इसलिए वे बसपा के महापुरुषों के नाम पर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब कांशीराम जीवित थे, तब इन्हीं पार्टियों ने उन्हें हमेशा नजरअंदाज किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि अखिलेश यादव द्वारा हर जिले में कांशीराम जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाना महज एक अवसरवादी कदम है। मायावती के अनुसार, बसपा शासनकाल में कांशीराम के सम्मान में किए गए कार्यों को सपा सरकार ने ही पलटने का काम किया था। सत्ता पक्ष की ओर से भी इस मामले पर प्रतिक्रिया आई है। यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए पूछा कि दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस को कांशीराम की याद क्यों नहीं आई? दूसरी ओर, मायावती ने अपने समर्थकों को आगाह करते हुए कहा कि ये पार्टियां बसपा को खत्म करने की सोची-समझी रणनीति के तहत काम कर रही हैं। उन्होंने चमचा युग पुस्तक का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों के साथ जुड़े दलित नेताओं को भी आड़े हाथों लिया। उत्तर प्रदेश में एक साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांशीराम के सम्मान को लेकर शुरू हुआ यह विवाद आने वाले दिनों में और गहराने के आसार हैं।

## रिटायर्ड अफसर को दस दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.05 करोड़ रुपए भी ठगे

### खुद को सीबीआई अधिकारी बता मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने और गिरफ्तार करने की दी धमकी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुंबई,(ईएमएस)। देश में साइबर क्राइम दिन ब दिन बढ़ते ही जा रहे हैं और लोगों की महनत की कमाई ठग बड़ी चालाकी से अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुंबई के दादर इलाके से सामने आया यहां एक बुजुर्ग नागरिक को 10 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करके उससे 1.05 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त अधिकारी श्रेयष परलकर (71) से ठगों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर मानसिक दबाव और डर दिखाकर ठगी को अंजाम दिया।

मीडिया रिपोर्ट में पीड़ित के मुताबिक 4 मार्च को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई के दिल्ली मुख्यालय का अधिकारी बताया। उसने दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक नया मोबाइल नंबर जारी किया गया है, जिसका इस्तेमाल अवैध मैसेज और उत्पीड़न के लिए किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को फर्जी सीबीआई अधिकारियों के पास ट्रांसफर किया। अलग-अलग लोगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तार करने की धमकी दी। ठगों ने भरोसा जीतने के लिए फर्जी कोर्ट ऑर्डर, अरेस्ट वारंट और सरकारी लेटरहेड तक व्हाट्सऐप पर भेजे। रिपोर्ट के मुताबिक ठगों ने पीड़ित को यह कहकर डिजिटल अरेस्ट किया कि वह जांच के दायरे में हैं और कहीं बाहर संपर्क नहीं कर सकते। उन्हें एक मैसेजिंग ऐप डाउनलोड कराकर हर दो घंटे में मैं सुरक्षित हूं जैसी रिपोर्ट भेजने को कहा। इस दौरान उन्हें बार-बार डराया गया और सहयोग न करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी गई। ठगों ने पीड़ित से उनकी बैंक डिटेल, निवेश और बचत की पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद फंड वेरिफिकेशन के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया।

रिपोर्ट के मुताबिक 6 मार्च से 12 मार्च के बीच पीड़ित ने चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1.05 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। 15 मार्च को पीड़ित के बेटे ने उनका मोबाइल चेक किया, तब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय नौसेना ने तैयार किया अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को मिल रही पूरी सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति पर मंडराते खतरों को देखकर भारतीय नौसेना ने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच तैयार कर लिया है। इस रणनीतिक मिशन के तहत, नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो विशेष टास्क फोर्स तैनात की हैं, जो भारत आने वाले कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को संवेदनशील मार्गों से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए निरंतर एस्कॉर्ट प्रदान कर रही हैं। यह अभियान न केवल व्यापारिक जहाजों को संभावित हमलों या अवरोधों से बचाता है, बल्कि वैश्विक शिपिंग गलियारों में अनिश्चितता के बीच भारत की एनर्जी लाइफलाइन को बनाए रखता है। 2019 से इस क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति रख रही भारतीय नौसेना की यह त्वरित तैनाती भारत के उस कड़े संकल्प को दिखाती है, जहाँ वह अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी बाहरी दबाव या आपूर्ति में होने वाली रुकावट से सुरक्षित रखने के लिए हर स्तर पर तैयार है।

नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो टास्क फोर्स तैनात की हैं, ताकि भारत आने वाले व्यापारिक जहाजों और टैंकरों का सुरक्षित आवागम मिल सके। सुरक्षा अभियान पिछले सप्ताह शुरू हुए थे, जिसमें नौसैनिक जहाज संवेदनशील हिस्सों से गुजरते समय जहाजों के साथ चलते हैं और फिर उन्हें भारतीय बंदरगाहों की ओर निर्देशित करते हैं। नौसेना वाणिज्यिक शिपिंग को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास बढ़ते जोखिमों के बीच आपूर्ति में किसी भी रुकावट को रोकना है।

यह तैनाती भारत की ऊर्जा जीवनरेखाओं को सुरक्षित करने के प्रयास का हिस्सा है, क्योंकि देश के कच्चे तेल और गैस आयात का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान मिशन व्यापक समुद्री सुरक्षा ग्रिड का हिस्सा है, इस प्रमुख समुद्री मार्गों की रक्षा करने और ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल पारगमन बिंदुओं में से एक बना हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में कोई भी अस्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए प्रत्यक्ष चिंता का विषय बन जाती है।

बात दें कि नौसेना 2019 से समुद्री डकैती विरोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के हिस्से के रूप में, ओमान की खाड़ी और अदन की खाड़ी सहित आस-पास के जलक्षेत्रों में अपनी निरंतर उपस्थिति बनाए हुए है। यह नवीनतम तैनाती उन प्रयासों को आगे बढ़ाती है, और बढ़ते तनाव के बीच नौसेना की परिचालन पहुंच का विस्तार करती है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com